* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 103







# हेमंत सोरेन गये जेल रिमांड पर फैसला आज

- इडी ने 10 दिनों की रिमांड मांगी, हेमंत के वकीलों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्यायिक हिरासत में होटवार जेल भेज दिया गया है। इडी ने हेमंत सोरेन को गुरुवार को इडी कोर्ट में पेश किया। इडी ने हेमंत से पूछताछ के लिए 10 दिन की रिमांड देने की मांग की। दो घंटे सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। रिमांड पर शुक्रवार को फैसला सुनाया जायेगा।

**इडी कार्यालय में रहे रात भर हेमंतः** गौरतलब है कि जमीन फर्जीवाड़ा मामले में बुधवार को सात घंटे पूछताछ के बाद रात 8.00 बजे इडी ने हेमंत सोरेन को हिरासत में ले लिया। इसके बाद वह इडी अधिकारियों के साथ राजभवन पहुंचे। वहां उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा, साथ ही चंपई सोरेन को गठबंधन दल के विधायकों का नेता चुने जाने संबंधित पत्र सौंपा। यहां से इडी उन्हें रांची स्थित अपने जोनल कार्यालय लेकर गयी। हेमंत रात भर यहीं रहे।

**मेडिकल जांच और पूछताछ भी हुईः** सूत्रों के मुताबिक बुधवार को हेमंत की मेडिकल जांच करायी गयी। इडी के अधिकारियों ने देर रात और फिर गुरुवार की सुबह भी उनसे कई सवाल पूछे। इसके बाद गुरुवार को दोपहर करीब दो बजे इडी उन्हें कोर्ट लेकर पहुंची।



## कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

कोर्ट में सुनवाई के दौरान इडी ने हेमंत सोरेन को 10 दिन की रिमांड की मांग की। गुरुवार को इडी को रिमांड नहीं मिली। कोर्ट में शुक्रवार को मामले में फिर सुनवाई होगी और रिमांड पर फैसला लिया जायेगा। कोर्ट तय करेगा कि हेमंत को कितने दिन की पूछताछ के लिए इडी को रिमांड पर दिया जाये। इसके बाद हेमंत सोरेन को इडी कोर्ट से न्याययिक हिरासत में होटवार जेल भेज दिया गया।

## हेमंत सोरेन ने समर्थकों का किया अभिवादन

हेमंत सोरेन के पीएमएलए कोर्ट पहुंचने से पहले ही वहां समर्थकों की भारी भीड़ पहुंच गयी थी। हेमंत के पहुंचते ही, सभी ने उनके समर्थन में नारा लगाया। हेमंत ने कोर्ट के अंदर जाते समय हाथ जोड़ कर सभी का अभिबावदन किया। वहीं, सुनवाई के बाद जेल जाते समय विक्ट्री का साइन दिखा कर सभी समर्थकों को उत्साहित किया। कोर्ट जाते समय और वहां से निकलते समय हेमंत थोड़ा भी विचलित नहीं थे। वह हंस कर समर्थकों का अभिवादन कर रहे थे।
**सुरक्षा व्यवस्था कड़ी** : रांची में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त कर दिया गया है। हेमंत सोरेन को कोर्ट लाने से पहले यहां की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी थी। इसी तरह कोर्ट से जेल ले जाने के क्रम में पूरे रास्ते पर पुलिस बल को तैना किया गया था। समय-समय पर सुरक्षा का जायजा डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा खुद ले रहे थे।

### कल्पना सुबह मिलने के लिए पहुंची

हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन बुधवार को इडी कार्यालय पहुंची थीं। वह हेमंत को दवा और जरूरी समान पहुंचाने के लिए गयी थीं। वहां वह रात एक बजे तक थीं। इसके बाद वह वापस अपने घर लौट गयीं। गुरुवार सुबह करीब 11 बजे कल्पना अपने बेटे के साथ फिर इडी कार्यालय हेमंत से मिलने के लिए पहुंची थीं। यहां कुछ देर रहने के बाद वह वापस लौट गयीं।

## कोर्ट में क्या-क्या तर्क रखे गये

हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर डेढ़ घंटे से अधिक समय तक कोर्ट में चली सुनवाई चली। इस दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन हेमंत सोरेन की तरफ से पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जिस मामले में हेमंत सोरेन पर इडी कार्रवाई कर रही है, उस मामले में वह निर्दोष हैं। जिस जमीन की इडी जांच कर रही और कार्रवाई कर रही है, वह भूइहरी जमीन है। उसकी खरीद-बिक्री नहीं होती। ऐसे में हेमंत सोरेन पर कार्रवाई का प्रश्न नहीं उठाता है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान इडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया अनिल कुमार ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन पर शेड्यूल आफेंस का मामला है। उन पर आइपीसी की धारा 120बी लगी है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया की ओर से यह आपत्ति भी जतायी गयी कि महाधिवक्ता किस हिसाब से हेमंत सोरेन का पक्ष रख रहे हैं। वहीं सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि राजभवन से इडी के अधिकारी हेमंत सोरेन को लेकर गये। महाधिवक्ता की इस बात को काटते हुए इडी का पक्ष रख रहे अनिल कुमार ने कहा कि हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने से पहले उन्हें सारी वजहें बताया गयी हैं। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

### मोदी सरकार -2 का आखिरी बजट पेश

# गरीब, महिला, किसानों और युवा पर फोकस

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया
- एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट तक फ्री बिजली
- आयुष्मान का दायरा बढ़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार-2 का अंतरिम बजट गुरुवार को संसद में पेश किया गया। आने वाले कुछ महीनों में आम चुनाव होना है, इसलिए सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया। उनका बजट भाषण 58 मिनट का रहा। इसमें कई छोटे-बड़े एलान किये गये। हालांकि बजट में टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया। न ही कुछ सस्ता और महंगा हुआ। बजट में युवा, गरीब, महिला और किसानों पर फोकस किया गया है।

ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि 2017 में लागू किये गये जीएसटी के बाद से बजट में केवल कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी को बढ़ाया या घटाया जाता है, जिसका असर गिनी-चुनी चीजों पर पड़ता है। इस बार सरकार ने कस्टम ड्यूटी या एक्साइज ड्यूटी में कोई भी बदलाव नहीं किया है।

**रूफटॉप सोलर से 300 यूनिट तक फ्री बिजली मिलेगीः** रूफटॉप सोलर के जरिए एक करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक फ्री बिजली मिलेगी। सरकार साल 2014 से 'नेशनल रूफटॉप स्कीम' चला रही है। वहीं पीएम मोदी ने हाल ही में 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' का भी ऐलान किया है। इसमें 1 करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर लगेंगे।

**बोगियों को वंदे भारत स्टैंडर्ड में बदला जायेगाः** यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा में सुधार के लिए 40,000 बोगियों को वंदे भारत मानक में बदलने की भी घोषणा की गयी है। इसके अलावा रेलवे के लिए तीन नये कॉरिडोर की घोषणा हुई है।

**उड़ान योजना के तहत नये एयरपोर्ट बनेंगेः** वित्त मंत्री ने बताया कि उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के तहत नये एयरपोर्ट बनाये जायेंगे और पहले से मौजूद एयरपोर्ट का विस्तार किया जायेगा। 2016 में इस स्कीम को शुरू किया गया था। इसका मकसद इन्फ्रास्ट्रक्चर और एयर कनेक्टिविटी के विकास पर ध्यान केंद्रित करके उड़ान सेवाओं को आम नागरिकों के लिए सुलभ बनाना है।

**मध्यम वर्ग के लिए आवास योजनाः** पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घर बनाने का काम पूरा किया है। वहीं अगले 5 साल में और 2 करोड़ घर बनाये जायेंगे। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार योग्य मध्यम वर्ग के लिए अपना घर खरीदने या बनाने के लिए एक आवास योजना शुरू करेगी।


**3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का टारगेटः** बजट में लखपति दीदी योजना के तहत 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का टारगेट रखा है। पहले ये टारगेट 2 करोड़ था। इस योजना के तहत अभी तक एक करोड़ महिलाओं को लखपति बनाया जा चुका है। योजना के तहत महिलाओं को आंत्रप्रेन्योरशिप इंडस्ट्री, एजुकेशन या दूसरी जरूरतों के लिए स्मॉल लोन दिए जाते हैं।

**मत्स्य संपदा योजना को बढ़ावा दिया जायेगाः** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना को बढ़ावा दिया जायेगा। जलकृषि उत्पादकता को टन से बढ़ाकर 5 टन किया जायेगा। निर्यात को बढ़ाकर 1 लाख करोड़ तक ले जाएंगे। मत्स्य संपदा योजना से 55 लाख नये रोजगार पैदा करेंगे।

**टेक-सेवी यूथ के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का कोष :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने टेक्नोलॉजिकल रिसर्च की लॉन्ग-टर्म फाइनेंसिंग के लिए 1 लाख करोड़ रुपए के कोष की घोषणा की। यह लोन 50 साल के लिए होगा। इस पर कोई ब्याज भी नहीं लगेगा।

**क्लाइमेट चेंज पर भी फोकस, 6,585 चार्जिंग स्टेशन बनाये जायेंगेः** 2070 तक जीरो कार्बन एमिशन का लक्ष्य हासिल करने के लिए सरकार ने अमोनिया, मेथेनॉल गैस का आयात कम करने की ठानी है। इसके लिए देश में ही 2030 तक कोयले को गैस में बदलकर फ्यूल बनाने के लिए फैसिलिटी सेटअप की जायेगी। इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की तादाद भी बढ़ाई जाएगी। इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की चार्जिंग के लिए 6,585 चार्जिंग स्टेशन बनाये जायेंगे।

**नये मेडिकल कॉलेज बनेंगे, इसके लिए एक कमेटी का गठन होगाः** वित्त मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विभिन्न विभागों के तहत मौजूदा अस्पताल के इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करके अधिक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की योजना बना रही है।



### आयुष्मान भारत का दायरा बढ़ाया

आयुषमान भारत योजना के तहत अब सभी आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता को इसके दायरे में लाया जायेगा। इसकी शुरुआत 2018 में हुई थी। यह योजना देश के कम आय वर्ग वाले नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा देती है। इस योजना में अभी 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त में मिलता है।

## हेमंत की होटवार के ब्लॉक-बी में कटी रात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार जेल ले जाया गया। बता दें कि वहां जेल प्रशासन ने सुबह से अपर डिवीजन वार्ड की साफ-सफाई करायी थी। अपर डिवीजन वार्ड स्थित बी ब्लॉक में हेमंत सोरेन को रखा गया। जेल मैनुअल के अनुसार सारी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। हेमंत सोरेन को जेल में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। यही वजह है कि जेलर अंजय श्रीवास्तव सुरक्षा व्यवस्था से लेकर साफ-सफाई कराने तक की जिम्मेदारी खुद संभाले हुए थे।

शाम को हेमंत सोरेन को बिरसा मुंडा जेल पहुंचाया गया। उनकी रात जेल में ही कटी। होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में अलर्ट जारी कर दिया गया है। जेल परिसर में काफी संख्या में पुलिस बल के जवानों को तैनात किया गया है। जेल परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। साथ ही बिरसा मुंडा जेल जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग लगा दी गयी थी।

## गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में आज होगी सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष बुधवार रात कथित भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का उल्लेख किया। सुप्रीम ने इस मामले को 2 फरवरी को सूचीबद्ध किया है। उधर, हेमंत सोरेन की इडी के खिलाफ दायर रिट याचिका पर रांची हाइकोर्ट में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सुनवाई की। हेमंत की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने हस्तक्षेप याचिका दायर की थी। दोपहर 12 बजे रखने का आग्रह किया। हाइकोर्ट ने नाराजगी जतायी। कोर्ट ने कहा कि मामले की अर्जेंसी प्रतीत नहीं होती है। इसलिए मामले की सुनवाई कल होगी। हालांकि मामला सुप्रीम कोर्ट में दायर करने के कारण हाइकोर्ट से दोपहर में याचिका वापस ले ली गयी। सुप्रीम कोर्ट में याचिका पर आज सुनवाई होगी। इसमें क्या फैसला आता है, इस पर सबकी नजर टिकी हुई है।

### बजट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी अपनी बात

## 2047 के विकसित भारत की नींव की गारंटीः मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया अंतरिम आम बजट समावेशी और नवोन्मेषी होने के साथ ही देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। यह विकसित भारत के चार स्तंभों युवा, गरीब, महिला और किसान को सशक्त करेगा। उन्होंने कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। इसमें निरंतरता का विश्वास है। यह देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। प्रधानमंत्री ने वित्त मंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई भी दी।



प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। अनुसंधान और नवाचार पर एक लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गयी है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी एलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों के लिए हमने गांव और शहरों में 4 करोड़ से अधिक घर बनाये हैं। अब हमने 2 करोड़ और नये घर बनाने का लक्ष्य रखा है। हमने 2 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था, अब इस लक्ष्य को बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है।

मोदी कहा कि इस बजट में किसानों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण और बड़े निर्णय लिये गये हैं। नेनो डेप का उपयोग, पशुओं के लिए नयी योजनाएं, पीएम मत्स्य संपदा योजना के विस्तार और आत्मनिर्भर ऑयल सीड अभियान से किसानों की आय बढ़ेगी और खर्च कम होगा।

### संवैधानिक संकट की ओर बढ़ रहा राज्य

## राज्यपाल, जल्द सूचित करेंगे

- हैदराबाद नहीं जा पाये विधायक, एयपोर्ट से लौटे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में राजनीतिक हलचल तेज है। एक तरफ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल चले गये हैं, तो दूसरी ओर अभी तक राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गठबंधन दल (झामुमो, कांग्रेस, राजद) को सरकार बनाने के लिए न ही आमंत्रित किया है और न ही राष्ट्रपति शासन लगाने की घोषणा हुई है। राज्य धीरे-धीरे संवैधानिक संकट की ओर बढ़ रहा। इस बीच गठबंधन दल के नेताओं ने गुरुवार को एक बार फिर राज्यपाल से मुलाकात की और सरकार बनाने के लिए फिर दावा ठोका। राज्यपाल ने कहा कि वह जल्द ही इस पर फैसला लेंगे। उधर, गठबंधन दल के सभी विधायकों को हैदराबद शिफ्ट किया जा रहा था। हालांकि मौसम खराब होने के कारण वापस लौट आये। वहीं, भाजपा ने शुक्रवार को विधायक दल की बैठक बुलायी है।

**चंपई ने राज्यपाल से मांगा था समयः** गौरतलब है कि बुधवार की रात चंपई सोरेन ने राज्यपाल को समर्थन पत्र सौंपा था। उन्होंने कहा था कि गठबंधन दल ने उन्हें अपना नेता चुना है। उनको 47 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। पत्र पर 43 विधायकों के हस्ताक्षर थे। उन्होंने राज्यपाल से तत्काल सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। गुरुवार को चंपई सोरेन ने राज्यपाल को पत्र लिख कर एक बार फिर शाम समय देने की मांग की। राज्यपाल ने उन्हें 5.30 बजे का समय दिया। चंपई सोरेन चार विधायकों के साथ उनसे मिले। राज्यपाल ने कहा कि इस पर वह जल्द निर्णय लेंगे। इससे पहले उन्होंने 43 विधायकों की पैरेड का वीडियो वायरल किया। महागठबंधन के विधायक रात में बस से एयरपोर्ट पहुंचे। दो चार्टर्ड प्लेन से तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद जाना था। प्लेन में बैठे, लेकिन मौसम खराब के कारण उड़ान की अनुमति नहीं मिली। वे सभी फिर सर्किट हाउस लौट आये।



### राज्यपाल ने जल्द निर्णय लेने का दिया आश्वासनः चंपई

रांची (आजाद सिपाही)। मुलाकात के बाद महागठबंधन विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने कहा हमने बुधवार को नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। हमने राज्यपाल से कहा कि हम इस विषय पर क्लियर हैं। हमने उनसे इसे जल्दी करने का अनुरोध किया है। उन्होंने (राज्यपाल) भी कहा है कि वह जल्द ही करेंगे।

### भाजपा विधायक दल की बैठक आज

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य में मौजूदा राजनीतिक स्थिति को देखते हुए भाजपा ने शुक्रवार को विधायक दल की बैठक बुलायी है। सूत्रों के मुताबिक बैठक भाजपा कार्यालय में सुबह 11 बजे होगी। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी, विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी के अलावा कुछ केंद्रीय नेताओं के मौजूद रहने की उम्मीद है। प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी बुधवार को ही रांची पहुंच गये हैं।

## 2.5 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स नहीं

- पहले की तरह नया और पुराना टैक्स स्लैब जारी रहेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सरकार ने आम आदमी को इस बार इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं दी है। पुराना टैक्स रिजीम चुनने पर अभी भी आपकी 2.5 लाख रुपये तक की टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87अ के तहत आप 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बचा सकते हैं। वहीं नया टैक्स रिजीम चुनने पर पहले की तरह ही 3 लाख रुपये तक पर टैक्स नहीं देना होगा। इसमें भी इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 87अ के तहत सैलरीड पर्सन 7.5 लाख रुपये तक की आय पर और अन्य लोग 7 लाख तक की इनकम पर टैक्स छूट पा सकते हैं।

**एक करोड़ करदाताओं को फायदा होगाः** 1962 से वित्त वर्ष 2009-10 तक के पेंडिंग डायरेक्ट टैक्स के मामलों में टैक्स माफ कर दिया जायेगा। हालांकि ये तभी होगा जब आप पर 25,000 रुपये तक का टैक्स बन रहा हो। इसी तरह 2010-11 से 2014-15 के बीच पेंडिंग मामलों में इनकम टैक्स से जुड़े 10 हजार रुपये तक के मामलों को वापस लेने का फैसला किया गया है। इससे एक करोड़ करदाताओं को फायदा होगा।

## इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में बढ़ाया गया बजट

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में कुछ क्षेत्रों में राशि बढ़ाने की घोषणा की, तो कुछ क्षेत्रों में कम प्रावधान किया गया। इस साल केंद्र सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर बजट 11.1% से बढ़ा कर 11.11 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। जो जीडीपी का 3.4% है। पिछले साल यह बजट 10 लाख करोड़ रुपये का था। ये पैसा सरकार एयरपोर्ट, फ्लाईओवर, एक्सप्रेसवे और अस्पताल बनाने जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स के लिए खर्च करेगी।

**डिफेंस बजट के लिए मिले 6.2 लाख करोड़ः** भारत का डिफेंस बजट अब 6.20 लाख करोड़ रुपये का हो गया है। पिछले साल डिफेंस बजट 5.93 लाख करोड़ रुपये था। यानी इस बार डिफेंस बजट में 3.4% की बढ़ोतरी हुई है। सरकार ने इस साल तीनों सेनाओं की सैलरी के लिए 2.82 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये हैं। ये पिछले साल के मुकाबले 12652 करोड़ रुपये ज्यादा हैं।

**एग्रीकल्चर सेक्टर का बजट 1.27 लाख करोड़ :** सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एग्रीकल्चर सेक्टर को 1.27 लाख करोड़ रुपये दिये हैं। ये पिछले साल के मुकाबले केवल 2,000 करोड़ रुपये ज्यादा यानी 1.6% बढ़ा है। पिछले साल एग्रीकल्चर बजट के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपये दिये थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,300 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



## मध्यम वर्ग के लिए अलग से आवास योजना

# एक करोड़ परिवार को हर महीने 300 यूनिट तक निःशुल्क बिजली

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने मोदी सरकार 2.0 के अंतिम वर्ष में अंतरिम बजट पेश किया। इस बजट में मध्यम वर्ग का खास ध्यान रखा गया है। वित्त मंत्री ने विशेष तौर पर बजट भाषण में मध्यम वर्ग के लिए कुछ योजनाओं का एलान किया है। इनमें सीतारमण मध्यम वर्ग के लिए अलग से आवास योजना शुरू करने की बात कही। इतना ही नहीं मिडिल क्लास को ध्यान में रखते हुए उन्होंने रूफटॉप सोलर एनर्जी को लेकर बड़ा एलान किया। वित्त मंत्री ने कहा कि इससे मध्यम वर्ग को हर साल बिजली में खर्च होने वाली बड़ी राशि बचाने में मदद मिलेगी।



**मध्यमवर्ग के लिए आवास :** वित्त मंत्री सीतारमण ने बजट भाषण में कहा कि मध्यमवर्ग के लिए सरकार नई योजना बनाएगी। उन्होंने हमारी सरकार किराए के मकानों या झुग्गी-झोपड़ी या चाल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के पात्र लोगों को अपने स्वयं के मकान खरीदने या बनाने में सहायता करने के लिए योजना शुरू करेगी।

### छत पर सौर प्रणाली लगाना (रूफटॉप सोलराइजेशन) और मुफ्त बिजली

सीतारमण ने मध्यम परिवारों के लिए एक और बड़ी स्कीम के जरिए मदद का एलान किया। उन्होंने एक करोड़ परिवारों को रूफटॉप सोलर एनर्जी योजना के कवरेज में लाने की बात कही। सीतारमण के एलान के मुताबिक, छत पर सौर प्रणाली लगाने से एक करोड़ परिवार प्रत्येक महीने 300 यूनिट तक निःशुल्क बिजली प्राप्त कर सकेंगे। यह योजना अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक दिन प्रधान मंत्री के संकल्प के अनुसरण में लाई गई है। इससे अपेक्षित लाभ इस प्रकार हैं: निःशुल्क सौर बिजली और अधिशेष बिजली वितरण कंपनियों को बेचने से परिवारों को हर वर्ष पंद्रह हजार से अठारह हजार रुपये की बचत; इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग; आपूर्ति और इन्स्टालेशन के लिए बड़ी संख्या में वेंडरों को उद्यमशीलता का अवसर; विनिर्माण, इन्स्टालेशन और रखरखाव में तकनीकी कौशल रखने वाले युवाओं के लिए रोजगार के अवसर।

# विकसित भारत बनायेगा अंतरिम बजट : अनुराग

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री एवं युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को पेश किये गये केंद्रीय अंतरिम बजट 2024 की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समावेशी विकास की अटूट गाथा का प्रतिबिंब है और यह अंतरिम बजट विकसित भारत लक्ष्य की सिद्धि में महत्वपूर्ण होने वाला है।

अनुराग ठाकुर ने आगे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट



में बुनियादी ढांचे और नवाचार पर विशेष ध्यान देते हेतु आभार व्यक्त किया और कहा की ये बजट एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की आधारशिला रखता है, जो गरीबों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग और अन्य जरूरतमंद समूहों को सशक्त बनायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, उनके मार्गदर्शन में मोदी सरकार 2.0 का यह अंतरिम बजट समावेशी, सर्वस्पर्शी और हर वर्ग को लाभान्वित करने वाला है। इस जन-जन के बजट के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन व उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था की परिवर्तनकारी यात्रा को दर्शाते हुए, मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह अंतरिम बजट देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ आजादी के 100वें वर्ष तक विकसित भारत के ब्लूप्रिंट को भी प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षों में भारत को विश्व के सबसे तेजी से बढ़ने वाले प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में प्रतिस्थापित किया है। इस बजट से भारत की विकास यात्रा को और बल मिलेगा। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री ने अंत में कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के समूचे आर्थिक और सामाजिक विकास हेतु प्रतिबद्ध है।

# अंतरिम बजट में तीन नये रेल कॉरिडोर का एलान

## 40 हजार पुराने डिब्बों को वंदे भारत की तरह बदला जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश कर दिया। दूसरे क्षेत्रों की तरह बजट में रेलवे क्षेत्र के लिए भी एलान हुए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में सरकार का फोकस वंदे भारत ट्रेनों पर रहा। अंतरिम बजट में वित्त मंत्री ने कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जायेंगे। इनमें पहला ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, दूसरा पत्तन संपर्कता गलियारा और तीसरा अधिक यातायात वाला गलियारा



है। बहुविध मॉडलों वाली संपर्कता (कनेक्टिविटी) को संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री गति शक्ति के अंतर्गत इन परियोजनाओं की पहचान की गई है। इनसे रसद व्यवस्था संबंधी कार्यकुशलता बढ़ेगी और लागत में कमी आएगी। इसके चलते अधिक यातायात वाले गलियारों में भीड़ कम होने से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी और यात्री सुरक्षा एवं यात्रा की रफ्तार बढ़ेगी। समर्पित मालभाड़ा गलियारों के साथ-साथ इन तीन आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों से हमारी जीडीपी की विकास दर बढ़ेगी तथा रसद व्यवस्था संबंधी लागत में भी कमी आयेगी। एक अहम एलान में वित्त मंत्री ने कहा कि 40 हजार सामान्य बोगियों को वंदे भारत के पैमानों के अनुरूप विकसित किया जायेगा, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और सहूलियत को बढ़ाया जा सके।


## वित्ती मंत्री ने ग्रामीण विकास पर दिया जोर

# आत्मनिर्भर तिलहन अभियान, 5 एकीकृत एक्वा पार्क और नैनो-डीएपी के इस्तेमाल का विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 1 फरवरी को अंतरिम बजट पेश किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने छठी बार बजट पेश किया। इस बजट के केंद्र में गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता रहे। अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि के लिए भी इस बजट में कई एलान हुए। बजट में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये का आबंटन किया गया है।

लोकसभा चुनावों से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में सरकार ने ग्रामीण विकास पर जोर दिया है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में बताया कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। पीएम-किसान सम्मान योजना के अंतर्गत हर वर्ष सीमांत और



छोटे किसानों सहित 11.8 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा प्रदान किया गया है। अनेक दूसरे कार्यक्रमों के अलावा इन उपायों से अन्नदाता को देश और पूरी दुनिया के लिए अन्न पैदा करने में सहायता दी जा रही है।

इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट ने 1361 मंडियों को एकीकृत कर दिया है और इसमें 3 लाख करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार हो रहा है और 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं मिल रही हैं।

कृषि-क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्चतर संवृद्धि और उत्पादकता की ओर अग्रसर है। इन्हें कृषक-केंद्रित नीतियां लाकर, किसानों को उनके आय अर्जन में सहायता देकर, कीमत और बीमा के माध्यम से जोखिम कवरेज देकर, स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचारों को बढ़ावा देकर सुगम किया गया है।

### कृषि क्षेत्र के लिए अहम घोषणाएं की

- सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देगी।
- सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में नैनो-डीएपी के इस्तेमाल का विस्तार किया जायेगा।
- तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए 'आत्मनिर्भर तिलहन अभियान' शुरू किया जायेगा।
- डेयरी विकास के लिए व्यापक कार्यक्रम बनाया जायेगा।
- जलीय कृषि उत्पादकता बढ़ाने, निर्यात दोगुना करने और अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाया जायेगा।
- पांच एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित किए जाएंगे।

# बहुत देर तक गूंजती रहेगी ज्ञानवापी से शंख और घड़ियाल की ध्वनि

## ■ 30 साल बाद हिंदू पक्ष को मिली नियमित पूजा की अनुमति, तो खिल गये चेहरे

## ■ काशी के इस पवित्र स्थान से अब दुनिया भर में साबित होगी सनातन की ताकत

आजाद सिपाही विशेष

**ज्ञानवापी मामले में वाराणसी की जिला अदालत ने हिंदू पक्ष के हक में एक और बड़ा फैसला सुनाया है। ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा करने का अधिकार कोर्ट ने दिया है। इस सीलबंद तहखाने में मंगला गौरी की पूजा-अर्चना शुरू हो गयी है। इसके साथ ही 34 साल से चला आ रहा यह विवाद अब खत्म हो गया है। ज्ञानवापी में हिंदू पक्ष को पूजा की अनुमति देकर अदालत ने भी साफ कर दिया है कि यह मंदिर ही है। इसलिए यहां गुरुवार को जो शंख और घड़ियाल की आवाज गूंजी, उसकी गूंज दुनिया भर में लंबे समय तक सुनाई देती रहेगी। अदालत के फैसले के बाद हिंदू पक्ष ने स्वाभाविक रूप से जश्न मनाया। साथ ही इसे सनातन की बड़ी जीत भी बताया है। हिंदू पक्ष ने कह कि 30 साल बाद न्याय मिला है। नवंबर 1993 तक यहां पूजा-अर्चना की जाती थी, लेकिन नवंबर 1993 में पूजा-पाठ को तत्कालीन राज्य सरकार ने रुकवा दिया था। अब अदालत के आदेश के बाद जब मंगला गौरी की पूजा-अर्चना शुरू हो गयी है, समझा जा सकता है कि यह सनातन की ताकत का ही असर है। इस फैसले ने साबित किया है कि सनातन का कोई भी धर्म स्थल किसी दूसरे धर्म स्थल को तोड़ कर नहीं बनाया गया है। यह सनातन की पवित्रता है। क्या होगा ज्ञानवापी के तहखाने में पूजा की अनुमति देने का असर और क्या है यह पूरा विवाद, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

जिला अदालत के आदेश के बाद पवित्र काशी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में गुरुवार तड़के पूजा की गयी। मस्जिद में बने व्यास जी के तहखाने में विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी ओम प्रकाश मिश्र और गणेश्वर द्रविड़ ने ब्रह्म बेला में पूजा करवायी। विधि विधान से मंगला गौरी की आराधना की गयी। 31 साल बाद ज्ञानवापी परिसर में पूजा दोबारा शुरू की गयी है। नवंबर 1993 में में वहां पूजा रोक कर बैरिकेडिंग की गयी थी। वाराणसी कोर्ट ने बुधवार को व्यास तहखाने में हिंदुओं को पूजा करने की अनुमति दी थी। इसके बाद रात में ही इंतजाम कर बैरिकेडिंग हटायी गयी और पूजा की व्यवस्था की गयी।

वाराणसी जिला प्रशासन ने 24 जनवरी को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के दक्षिणी तहखाने को अपने कब्जे में ले लिया था। प्रशासन वाराणसी जिला न्यायालय के आदेशों का पालन कर रहा था। अदालत ने 17 जनवरी को आचार्य वेद व्यास पीठ मंदिर के मुख्य पुजारी शैलेंद्र कुमार पाठक द्वारा दायर एक मामले में वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को मस्जिद के दक्षिणी तहखाने का रिसीवर नियुक्त किया था। अपने आदेश में अदालत ने कहा कि विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों द्वारा पूजा-अर्चना की जा सकती है और मस्जिद के तहखाने में प्रवेश को अवरुद्ध करने वाले बैरिकेडों को हटाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसको एएसआइ सर्वेक्षण के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सील करने का आदेश दिया था।

### क्या है यह पूरा विवाद

स्थानीय अदालत का यह फैसला तब आया है, जब दो दिन पहले ही ज्ञानवापी मसजिद के तहखाने में सर्वे के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गयी है। इससे पहले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी एएसआइ के सर्वे की रिपोर्ट सामने आयी थी। हिंदू पक्ष की ओर से कहा गया कि एएसआइ की रिपोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में एक बड़े हिंदू मंदिर ढांचे के अस्तित्व की बात कही गयी है। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे



वकील विष्णु शंकर जैन ने सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह बात कही। हिंदू पक्षकारों ने दावा किया है कि मस्जिद 17वीं शताब्दी में मूल काशी विश्वनाथ मंदिर के विनाश के बाद उसके स्थान पर बनायी गयी थी। एएसआइ को वाराणसी जिला अदालत ने जुलाई 2023 में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का काम सौंपा था। जैन ने एएसआइ रिपोर्ट के हवाले से कहा था कि एएसआइ के निष्कर्षों से पता चलता है कि मस्जिद में संशोधन किये गये थे, स्तंभों और प्लास्टर को मामूली बदलाव के साथ पुनः उपयोग किया गया था। नयी संरचना में उपयोग के लिए हिंदू मंदिर के कुछ स्तंभों को थोड़ा संशोधित किया गया था। स्तंभों पर नक्काशी को हटाने का प्रयास किया गया था। जैन ने दावा किया कि रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि प्राचीन हिंदू मंदिर के शिलालेख भी मिले हैं, जो देवनागरी, तेलुगु, कन्नड़ और अन्य लिपियों में लिखे गये हैं।

### किसने मांगी थी पूजा की अनुमति

वाराणसी अदालत का आदेश चार महिला वादियों द्वारा मस्जिद के सीलबंद हिस्से की खुदाई और सर्वेक्षण की मांग के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने के कुछ दिनों बाद आया है। हिंदू पक्ष के अनुसार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण यानी एएसआइ की रिपोर्ट से पता चला है कि वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के निर्माण से पहले एक बड़ा हिंदू मंदिर मौजूद था। इसके बाद शीर्ष अदालत में याचिका दायर की गयी थी। अपनी याचिका में महिलाओं ने तर्क दिया कि 'शिवलिंग' की सटीक प्रकृति का निर्धारण इसके आसपास की कृत्रिम/आधुनिक दीवारों/फर्शों को हटाने और खुदाई द्वारा और अन्य वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग कर-के पूरे सील क्षेत्र का सर्वेक्षण करने के बाद किया जा सकता है। काशी विश्वनाथ ज्ञानवापी केस में 1991 में वाराणसी कोर्ट में पहला मुकदमा दाखिल हुआ था। याचिका में ज्ञानवापी परिसर में पूजा की अनुमति मांगी गयी। प्राचीन मूर्ति स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर की ओर से सोमनाथ व्यास, रामरंग शर्मा और हरिहर पांडेय बतौर वादी इसमें शामिल हैं।

### क्या मांगा था याचिकाकर्ताओं ने

व्यासजी का तहखाना वर्ष 1993 से बंद था। बीते बुधवार को ही जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्ववेश की अदालत ने ज्ञानवापी परिसर की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक की थी। रिपोर्ट के मुताबिक ज्ञानवापी में मंदिर का स्ट्रक्चर मिला है। ज्ञानवापी विवाद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि इसके नीचे 100 फीट ऊंचा आदि विश्वेश्वर का स्वयंभू ज्योतिर्लिंग है। काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण करीब 2050 साल पहले महाराजा विक्रमादित्य ने करवाया था, लेकिन औरंगजेब ने साल 1664 में मंदिर को तुड़वा दिया। दावे में कहा गया है कि मस्जिद का निर्माण मंदिर को तोड़कर उसकी भूमि पर किया गया है, जो कि अब ज्ञानवापी मस्जिद के रूप में जाना जाता है। याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कर यह पता लगाया जाये कि जमीन के अंदर का भाग मंदिर का अवशेष है या नहीं। साथ ही विवादित ढांचे का फर्श तोड़कर यह भी पता लगाया जाये कि 100 फीट ऊंचा ज्योतिर्लिंग स्वयंभू विश्वेश्वरनाथ भी वहां मौजूद हैं या नहीं। मस्जिद की दीवारों की भी जांच कर पता लगाया जाये कि ये मंदिर की हैं या नहीं।

### क्या है व्यासजी का तहखाना

वाराणसी की जिला अदालत ने जहां पूजा की अनुमति की है, उसे 'व्यासजी का तहखाना' भी कहा जाता है। ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में चार तहखाने हैं, जिनमें से एक अभी भी व्यास परिवार के कब्जे में है, जो यहां रहते थे। इसे 'व्यासजी का तहखाना' कहा जाता है। व्यासजी का तहखाना ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में दक्षिणी तरफ स्थित है। याचिका के अनुसार पुजारी सोमनाथ व्यास 1993 तक वहां पूजा-अर्चना करते थे। याचिका में आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन सरकार के निर्देश पर अधिकारियों ने तहखाने को बंद कर दिया था। इसके बाद से वहां पर उनको पूजा करने से वंचित कर दिया गया। उन्होंने याचिका दायर की थी कि उन्हें तहखाना में प्रवेश करने और पूजा फिर से शुरू करने की अनुमति दी जाये। व्यास जी का तहखाना मस्जिद के नीचे स्थित है। एएसआइ सर्वे में इस जगह से हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां मिली हैं। हिंदू पक्ष के अनुसार, भगवान नंदी जिस स्थान पर विराजमान हैं, उसके ठीक सामने व्यास परिसर का तहखाना है। दावा है कि साल 1993 में तत्कालीन सरकार ने इसे अवैध तरीके से बंद करा दिया गया था और वहां पूजा करने वाले पूजारियों को भी हटा दिया गया था।

### पूजा करने का अधिकार मिलने से क्या-क्या बदल जायेगा

कोर्ट के आदेश के बाद अब ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी महाराज के सामने लगी बैरीकेडिंग को हटाकर रास्ता खोला गया है। साथ ही लोग व्यास जी के तहखाने में पूजा-अर्चना कर सकेंगे। व्यासजी के तहखाने में पूजा का अधिकार मिलने से जाहिर तौर पर हिंदू पक्ष का दावा और मजबूत होगा। हिंदू पक्ष ऊपरी अदालतों में जिला कोर्ट के फैसले का जिक्र कर अपने हक में फैसला सुनाने की अपील कर सकता है। इसके अलावा एएसआइ की रिपोर्ट का भी हवाला दिया जा सकता है। पूजा का अधिकार मिलने से हिंदू पक्ष का मनोबल और मजबूत होगा और साथ ही जब तक हाइकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट की तरफ से मुस्लिम पक्ष को स्टे नहीं मिल जाता, तब तक वह पूजा कर सकेगा।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.7°c | 14.5°c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.29 बजे |



# राजधानी के चप्पे-चप्पे पर पुलिस का पहरा

## डीसी और एसएसपी ने लिया शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन के इस्तीफे और नयी सरकार के गठन की चर्चाओं के बीच गुरुवार को राजधानी के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रही। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शहर की विधि व्यवस्था का जायजा लिया। जिला में विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी की गयी है। शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील करते हुए उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि पर्याप्त संख्या में प्रमुख स्थानों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बलों की तैनाती की गयी है।

**सभी थाना में मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त पुलिस की तैनाती :** रांची। जिले में विधि-व्यवस्था अच्छे से संधारित हो, इसको लेकर सभी प्रखंडों, सभी थाना में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गयी है। उपायुक्त ने कहा कि 150 से अधिक प्रतिनियुक्ति स्थल बनाया गया है। यहां पर पुलिस फोर्स, मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। भीड़ नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक उपाय किये गये हैं। सभी प्रमुख स्थानों पर पूरी व्यवस्था पर नजर रखी जा रही है। जहां धरना-प्रदर्शन की संभावना है, वहां दंडाधिकारी और पुलिस फोर्स की तैनाती की गयी है। सबको जरूरी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है कि कैसे असामान्य स्थिति पैदा होती है, तो किस प्रकार कार्रवाई की जानी है। शहर के चारों ओर ड्राप गेट, बैरिकेड लगा दिया गया है, ताकि कोई भी आपात स्थिति उत्पन्न होने पर व्यवस्था अनुकूल बनी रहे।

**जिला प्रशासन का सहयोग करें:** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि विधि-व्यवस्था ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। आम जन-जीवन सबसे ज्यादा आवश्यक है। आम लोगों को किसी प्रकार से नुकसान पहुंचाने की कोशिश नहीं करें। विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करें।



गुरुवार को शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा।



झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को रांची स्थित इडी कार्यालय से पीएमएलए कोर्ट लाया गया। इस दौरान वहां भारी भीड़ थी।

### 150 से अधिक स्थानों पर पुलिस बल तैनात

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि जितने भी संवेदनशील स्थान हैं, उस जगह की विधि-व्यवस्था को लेकर 150 से अधिक स्थानों पर पुलिस बल तैनाती की गयी है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। इसको लेकर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा चूका है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आने वाले दिनों में विधि-व्यवस्था कैसे संधारित हो, इसको लेकर भी संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर रखा गया है।

### निगम क्षेत्र में 48 घंटे तक बढ़ी निषेधाज्ञा

**रांची (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल दंडाधिकारी सदर रांची द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अंतर्गत रांची नगर निगम क्षेत्र में निषेधाज्ञा जारी की गयी है। यह निषेधाज्ञा 1 फरवरी 2024 के अपराह्न दो बजे से अगले 48 घंटे तक लागू रहेगी।

#### निषेधाज्ञा की खास बातें

- बिना सक्षम प्राधिकार की पुर्वानुमति के किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करने (सरकारी कार्यक्रमों को छोड़कर) पर रोक।
- किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों-कर्मचारियों को छोड़कर) प्रतिबंधित।
- किसी प्रकार के हरवे-हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना प्रतिबंधित रहेगा।
- बिना सक्षम प्राधिकार की पुर्वानुमति के किसी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने पर रोक।

## सीएम के सचिव समेत सभी पदों को छोड़ा

# आइएएस विनय चौबे हो गये वेटिंग फॉर पोस्टिंग

**रांची (आजाद सिपाही)।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद से सत्ता से लेकर विभागों में कई तरह के बदलाव देखे जा रहे हैं। प्रधान सचिव रैंक के आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे ने मुख्यमंत्री के सचिव का अतिरिक्त प्रभार छोड़ दिया है। प्रधान सचिव रैंक के आइएएस अधिकारी विनय चौबे ने इस बात की आधिकारिक



पुष्टि की है कि उन्होंने अपने सभी पदों का परित्याग कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस बात की जानकारी कार्मिक विभाग को दे दी है। अब वे वेटिंग फॉर पोस्टिंग हैं।

## अल्बर्ट एक्का चौक सुनसान



**रांची (आजाद सिपाही)।** आदिवासी संगठनों की ओर से आहूत बंद की वजह से रांची समेत झारखंड के अधिकतर निजी स्कूल बंद रहे। वहीं, सरकारी स्कूल खुले रहे। कई जगह आदिवासी संगठनों ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। सड़क को जाम रखा।

# आठ रजिस्ट्रार का तबादला

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के 8 जिला अवर निबंधकों का ट्रांसफर किया गया है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना जारी होने के बाद सभी पदाधिकारियों को नये पदस्थापना वाली जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। मिहिर कुमार का तबादला रांची से हजारीबाग किया गया है। वाल्मीकि साहू का तबादला खूंटी से रांची, उज्ज्वल मिंज का तबादला धनबाद से सरायकेला, राम जी तिग्गा का तबादला सरायकेला से धनबाद, संतोष कुमार रजक का तबादला गोविंदपुर से रांची, ओलीवा एक्का का तबादला रांची से खूंटी, प्रतीक्षारत बालेश्वर पटेल का तबादला गिरीडीह किया गया है। निबंधन निरीक्षक स्वेता कुमारी को दक्षिणी छोटानगपुर प्रमंडल का प्रभारी अप निबंधक महानिरीक्षक के रूप में तबादला किया गया है।

**FOOD CORPORATION OF INDIA**
**REGIONAL OFFICE, BHUBANESWAR**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना / Notice Inviting e-Tenders**

सहायक महाप्रबंधक (सीई) भा खा नि, क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर निम्नलिखित कार्यों के लिए **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** पर द्वि बोली प्रणाली के तहत भारतीय खाद्य निगम की ओर से ऑनलाइन प्रतिशत दर पर निविदाएं आमंत्रित करता है।

The Assistant General Manager (CE) FCI, Regional Office, Bhubaneswar invites on behalf of Food Corporation of India online percentage rate tenders under two bid systems at **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** for following works.

**NIT NO. CE- 32/2023-24.** Name of Work- **Providing Cement Concrete road along with drains at FSD Balijhori**. Estimated Cost Rs. **11,40,05,381/- (Rupees Eleven Crore Forty lakhs Five thousand Three hundred and Eighty one Only)**. Earnest Money-Rs. **22,80,108/- (Rupees Twenty two lakhs Eighty thousand One hundred and Eight Only)**, Period of Completion **365 Days**. Last time and date of submission of bid: **21/02/2024 upto 3:00 pm.**

**NIT NO. CE- 33/ 2023-24.** Name of Work- **Providing of Cement Concrete Road along with drains at FSD Phulbani**. Estimated Cost Rs. **3,71,51,958/- (Rupees Three Crore Seventy one lakhs Fifty one thousand Nine hundred and Fifty eight Only)**. Earnest Money- Rs. **7,43,039/- (Rupees Seven lakhs Forty three thousand and Thirty nine Only)**, Period of Completion **270 Days**. Last time and date of submission of bid: **21/02/2024 upto 3:00 pm.**

**NIT NO. CE- 34/ 2023-24.** Name of Work- **Providing Cement Concrete Road along with drains at FSD Jaleswar**. Estimated Cost Rs. **3,55,32,608/- (Rupees Three Crore Fifty five lakhs Thirty two thousand Six hundred and Eight Only)**. Earnest Money- Rs. **7,10,652/- (Rupees Seven lakhs Ten thousand Six hundred and Fifty two Only)**, Period of Completion **270 Days**. Last time and date of submission of bid: **21/02/2024 upto 3:00 pm.**

बोली प्रपत्र एवं अन्य विवरण **www.eprocure.nic.in.** के वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है। The bid forms and other details can be obtained from the website **www.eprocure.nic.in.**

**नोट:** किसी भी विवादित स्थिति में मूल अंग्रेजी पाठ ही मान्य होगा।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।
- **वृष** — सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ। व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।
- **मिथुन** — धन लाभ,मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।
- **कर्क** — माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।
- **सिंह** — पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होंगी।
- **कन्या** — विगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **तुला** — नौकरी में उल्लास, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा। भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **वृश्चिक** — पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक करना पड़ेगा। मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **धनु** — सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा, मित्र-कुटुम्बियों का सहयोग, जमीन-जायदाद संबंधी कार्य सफल होगा।
- **मकर** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **कुंभ** — विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक सम्पर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।
- **मीन** — विना-विचारें कोई काम न करें चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

**PUBLIC NOTICE FOR CLAIM AGAINST SALE OF PROPERTY**

As per Affidavit Ref. No.: 01077 Date : 29.01.2024 notice is hereby given that Smt. Shyama Devi, W/o late S. P. Gupta, has agreed to sell me, the residencial land of 3 (Three) decimial, having detail, Plot No. 977, Khata No. 197, Thana No.225, Ranchi, Jharkhand, free from all encumbrances. Any person having any right title, interest, claim or demand, of any nature, whatsoever in respect of the said land, is hereby required to make the same known in writing along with the documentary proof there of, to theundersigned at Mr. Lalit Narayan Prasad, H.No. 3/63, New Area, Gandhinagar, Hinoo,Ranchi, Jharkhand. PIN-834002, within 15 days from the date of publication hereby, failing which the negotiations shall be completed, without any reference to such claims and the claims if any, shall be deemed to have been given up or waived.

Sd./-
Mr. Lalit Narayan Prasad
H. No. 3/63, New Area, Gandhinagar, Hinoo, Ranchi, Jharkhand. PIN-834002

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 22301 Dated 31.01.2024 I Vaishali Sachin Borhade W/O Borhade Sachin Rajaram residing at Village Karule Po-Nalawande Tehsil- Sangamner Distt- Ahmednagar (Maharashtra) 422 605, do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That I am an Indian Citizen and residing at above mentioned address. 2. That my name before marriage was Vaishali Sampat Chattar D/O Sh Sampat Chattar DoB- 27/06/1991 after marriage I have got change my name with Vaishali Sachin Borhade w/o Borhade Sachin Rajaram DoB- 27/06/1991 which is correctly updated in my ADHAR Card bearing No-602108614308. 3. That Vaishali Sachin Borhade (Name after marriage) and Vaishali Sampat Chattar (Name before marriage) both name belongs to one/same person. 4. Those aforesaid contents are true to best of my knowledge.

**शपथ पत्र**

के अनुसार क्र. सं. - 71 दिनांक 01.02.2024 मैं सुनिल, पिता-रामकुमार, उम्र लगभग 60 वर्ष, धर्म-हिन्दू, पेशा-सेवा निवृत, निवासी ग्राम-हिरक नगर राँची रोड, पो०-मरार, थाना वो जिला-रामगढ (झारखण्ड), आधार नं0-2237 1747 8566 शपथपूर्वक ब्यान करता हूँ कि:-
1. यह कि, सूमित कुमार मेरा पुत्र है, जो लगभग 30 वर्षों का है। 2. यह कि, मेरा पुत्र सुमित कुमार 4 वर्षो से हमसे अलग रह रहा है। 3. यह कि, सुमित कुमार का खाना, रहना, व्यवसाय सब अलग करता है। 4. यह कि, यह हमसे किसी प्रकार का कोई संबंध नही रखता है और न हमलोगो का उससे कोई लेना-देना है और ना ही बातचीत होता है। 5. यह कि मेरा पुत्र नालायक है, मेरे साथ तथा मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करता है, मेरा नाम का भी दुरूपयोग करते हुए मेरा नाम से रूपया उधार मांगता है और मेरा जमीन भी बेचने के नाम पर भी रूपया ले लेता है जिससे मेरा बदनामी/प्रतिष्ठा एवं आँच आ रहा है। इसलिए मैं अपने पुत्र को अपने चल-अचल संपति से बेदखल करता हूँ। 6. यह कि उपरोक्त बाते सत्य वो सही है।

# बसंत को कमान थमाने के मूड में शिबू सोरेन

## 35 विधायक ही जायेंगे हैदराबाद : निशिकांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे एक बार फिर सोरेन परिवार और इंडी गठबंधन को लेकर हमलावर हैं। सोशल मीडिया पर लिखा है कि रांची सर्किट हाउस में हैदराबाद जाने वाले केवल 35 विधायक हैं। सरफराज अहमद विधायक नहीं हैं। हेमंत सोरेन जेल में हैं। निशिकांत के मुताबिक झामुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की अनुपस्थिति में यह निर्णय विधायक दल के नेता का



कौन लेगा। सूचना अनुसार शिबू सोरेन मुख्यमंत्री बसंत सोरेन को बनाना चाहते हैं।

## हम मजबूती से हेमंत के साथ हैं: लालू यादव



**रांची (आजाद सिपाही)।** राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार हेमंत सोरेन को प्रताड़ित कर रही है। ट्विटर पर लालू ने लिखा कि हेमंत सोरेन को केंद्र की तानाशाह सरकार प्रताड़ित कर रही है। भाजपा के यह घिनौने हथकंडे अल्प समय के लिए परेशान तो कर सकते हैं, पर पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और हाशियों पर रहने वाले समूहों के संकल्प और महत्वाकांक्षाओं को पराजित नहीं कर सकते हैं। भाजपा का डर जगजाहिर है और जनता भी यह बात अब समझ चुकी है। हम मजबूती से हेमंत के साथ हैं।

## भाजपा की हेकड़ी अब जनता तोड़ेगी: तेजस्वी



तेजस्वी यादव ने लिखा कि बिहार, चंडीगढ़ और अब झारखंड! भाजपा ने एक ही हफ्ते में लोकतंत्र और संघवाद को तार-तार कर दिया है। चुनावी हार के डर से जांच एजेंसियों की निष्पक्षता खत्म कर, एजेंसियों को बीजेपी का प्रकोष्ठ बनाकर, केंद्र सरकार क्या-क्या कर रही है अब यह बात किसी से छिपी नहीं है। अहंकार से चूर भाजपा की हेकड़ी अब जनता तोड़ेगी। तेजस्वी ने कहा कि राजद पार्टी हेमंत सोरेन के साथ खड़ी है।

## सिविल को क्रिमिनल नेचर का बनाया गया: विनोद सिंह



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले के विधायक विनोद सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने के लिए सिविल नेचर के मामले को जबरदस्ती क्रिमिनल नेचर का बनाया गया। जमीन का मामला सिविल नेचर का होता है। इसमें जो भी सही-गलत है, वह कोर्ट देखता है, लेकिन यहां तो जबरदस्ती हेमंत सोरेन को इसमें फंसाया गया। कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार इडी के जरिये हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने की कई महीनों से कोशिश कर रही थी। कहा कि यह करप्शन का मामला नहीं है। भाजपा ने करप्शन की नयी परिभाषा बनायी है। जो भी उसके साथ है, वह भ्रष्टाचार मुक्त है। जो साथ नहीं है, वह भ्रष्टाचार युक्त है।

# सरकार गठन को लेकर चंपई सोरेन के दावे पर अविलंब निर्णय लें राज्यपाल : वामदल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करने के लिए वामदलों की संयुक्त बैठक गुरुवार को हुई। बैठक सीपीआइ माले राज्य कार्यालय में हुई। जहां वामपंथी नेताओं ने चिंता जताते हुए कहा कि हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिये जाने के बाद झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन के नये नेता चंपई सोरेन ने सरकार गठन करने के लिए राज्यपाल के समक्ष बहुमत के समर्थन पत्र पेश किया। इसके बाद भी राज्यपाल द्वारा त्वरित निर्णय नहीं लिया जा रहा है। इसे उत्पन्न राजनीतिक संकट पर चिंता व्यक्त की गयी।




नेताओं ने कहा कि सरकार के गठन पर राज्यपाल भाजपा की राजनीति से प्रेरित होकर काम कर रहे हैं। इस कारण निर्णय लेने में जानबूझ कर विलंब कर रहे हैं। इस अनिर्णय की स्थिति से राज्य में अराजकता का माहौल बन रहा है। साथ ही इससे हॉर्स ट्रेडिंग को बढ़ावा और अंततः राज्य की जनता का जनादेश के उल्लंघन का अलोकतांत्रिक खतरा पैदा हो रहा है। बिहार में भी इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई थी, लेकिन तब बिहार के राज्यपाल ने बहुमत वाले सरकार को देखते हुए तुरंत निर्णय लिया। ऐसे में राज्य की स्थिति को देखते हुए राज्यपाल को तुरंत निर्णय लेना चाहिए।

नेताओं ने कहा कि वाम दलों के अनुसार इडी का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी भाजपा द्वारा देश की संघीय व्यवस्था और लोकतंत्र पर हमला है। बैठक की अध्यक्षता भाकपा माले के जनार्दन प्रसाद ने की। वहीं बैठक में सीपीआइ से अजय सिंह, एके रशीदी, सीपीआइएम से समीर दास, प्रफुल्ल लिंडा, सुखनाथ लोहरा, वीरेंद्र कुमार, भापका माले से राज्य सचिव मनोज भक्त और मासस से सुशांतो मुखर्जी शामिल रहे।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 12378 Dated 20.01.2024 I, Wadghule Sagar Dattatraya S/O Dattatray Dagadu Wadghule residing at Village Bhokar Tehsil-Shrirampur Distt- Ahmednagar (Maharashtra) 413739, do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That I am an Indian Citizen and residing at above mentioned address. 2. That my Father's actual and correct name is Dattatray Dagadu Wadghule and Date of birth is 01/06/1958 which is correctly mentioned in his ADHAR Card bearing No-5764 2583 8804 but in my Service Book It is wrongly mentioned as WADGHULE DATTATRAYA. 3. That my Mother's actual name is Kadubai Dattatray Wadghule her date of birth is 01/07/1971 but her name written in my Service Book/record as Wadghule Kadubai Dattatraya age 40 years (at the time of appointment) was proximate. 4. That Dattatray Dagadu Wadghule and WADGHULE DATTATRAYA both name are same and belongs to one/same person i.e. My Father. 5. That Kadubai Dattatray Wadghule and Wadghule Kadubai Dattatraya both name are same and belongs to one/same person i.e. My Mother. 6. Those aforesaid contents are true to best of my knowledge.

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99 Regd. No. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.अ–06092023–248596
CG-DL-E-06092023-248596
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3 उप–खण्ड (ii)
PART II-Section3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3772] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 5, 2023/भाद्र 14, 1945
No. 3772] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 5, 2023/BHADRA 14, 1945

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 4 सितम्बर, 2023

**का. आ. 3934 (अ)** केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH98 के कि.मी. 23.284 से कि.मी. 57.041 (पलामू) तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि) के गाँवों में अर्थात् हरिहरगंज अंचल अंतर्गत मामरखा एवं रामपुर, पिपरा अंचल अन्तर्गत मड़वा एवं घांसीखाप, छतरपुर अंचल अन्तर्गत कउवल, चौखड़ा बंधुडिह, करमा कला, छतरपुर एवं मसिहानी, जिला–पलामू राज्य झारखंड के अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है. ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् डिस्ट्रिक्ट लैंड एक्वीजीशन अफसर को लिखित रूप में प्रस्तुत की जायेगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जॉच करने के पश्चात् यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध है और उनका हितबद्व व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH98 के कि.मी. 23.284 से कि.मी. 57.041 (पलामू) के गाँवों में अर्थात् हरिहरगंज अंचल अंतर्गत मामरखा एवं रामपुर, पिपरा अंचल अन्तर्गत मड़वा एवं घांसीखाप, छतरपुर अंचल अन्तर्गत कउवल, चौखड़ा बंधुडिह, करमा कला, छतरपुर एवं मसिहानी, जिला–पलामू, राज्य–झारखंड के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण:**

जिला: पलामू
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 04 सितम्बर, 2023

[फा.स. 11015/5PD/DHN/LA/NH-98/2861/3A]
अभय जैन, उप सचिव

https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileCA.cshtml?notification_id=63862&file_id=37097
https://egazette.gov.in/(S(tqhkoxrzrm14mt2gj0eqe3lt))/ViewPDF.aspx

## बिहार झारखंड में भाजपा को जनता सिखायेगी सबक: राजद



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बिहार में सत्ता परिवर्तन का खेल के बाद झारखंड में सत्ता पर कब्जा जमाने के लिए भाजपा लोकतंत्र के मर्यादाओं का हत्या कर रही है। केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली मोदी सरकार पर्दे के पीछे से ईडी, सीबीआई और केंद्रीय एजेंसी को आगे कर सत्ता हथियाने के लिए षड्यंत्र रच रही है। उक्त बातें राजद जिलाध्यक्ष सह जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने झारखंड में उत्पन्न हुई मौजूदा राजनीतिक हालात पर कही। उन्होंने कहा कि जनता की चुनी हुई सरकार, जहां भाजपा विपक्ष में है। वहां केंद्र सरकार अपनी एजेंसी को आगे कर राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए षडयंत्र रचती है। दरअसल, इसके पीछे की वजह सत्ता पर कब्जा पाने की होती है। बिहार में भी कुछ दिन पूर्व महागठबंधन की सरकार को हटा कर भाजपा ने जदयू के साथ मिलकर सरकार बनायी। सत्ता बदलते ही राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव को ईडी ऑफिस बुलाकर लंबी पूछताछ की। एक तरीके से जनता के बीच बढ़ते जनाधार को देख भाजपा ईडी, सीबीआई के जरिये छवि धूमिल करती है। उन्होंने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस, राजद और माले किसी भी कीमत पर भाजपा के षड़यंत्र को कामयाब नही होने देगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। नई सरकार बनाने के लिए चंपई सोरेन ने दावा भी पेश कर दिया। लेकिन महामहिम राज्यपाल ने बहुमत पेश करने या नई सरकार गठन को लेकर चुप्पी साध लिया है। षडयंत्र बड़ा है, इसलिए आनेवाले वक़्त में बिहार-झारखंड की जनता भाजपा को माकूल जबाब देगी।

## भागवत ज्ञान यज्ञ कलश यात्रा का उद्घाटन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेको पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंडियाडीह में श्री श्री 108 श्री एकादशी व्रत उद्यापन सह भागवत ज्ञान यज्ञ कलश यात्रा का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर किया। कलश यात्रा में ढोल बाजे जय माता दी, हर हर महादेव, जय श्री राम आदि नारों के साथ नगर भ्रमण करते हुए उतरवाहिनी नदी में आचार्य दिगंबर शास्त्री के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भरा। तत्पश्चात पंचांग पूजन और मंडप प्रवेश किया गया। 2 फरवरी को वैदि स्थापना, भागवत और एकादशी व्रत पारायण प्रारंभ। 3 फरवरी आवाहित देव और भागवत पारायण 4 फरवरी आंवला पूजन 5 फरवरी नित्य मंडप पूजन ग्राम देव पूजन 6 फरवरी नगर भ्रमण, तुलसी और रुक्मणी विवाह 7 फरवरी हवन, शय्यादान, गोदान, विसर्जन, ब्राह्मण भोजन, कन्या भोजन और भंडारा किया जायेगा। प्रतिदिन संध्या महा आरती और संध्या 7:00 बजे से प्रवचन कर्ता आचार्य दिगंबर शास्त्री जी के द्वारा संगीतमय प्रवचन किया जायेगा। यज्ञ कर्ता सरस्वती देवी शामिल थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया रुपाली कुमारी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव, विजय यादव, मनोज चौधरी, धानेश्वर चौधरी, प्रदीप साव, गिरधारी महतो, धनपत महतो, राजू महतो, प्रदीप महतो सहित सैकड़ों महिला पुरुष जल यात्रा में शामिल थे।

## श्मशान घाटों की सफाई और घेराबंदी की मांग

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 15 में स्थित अरघोती नदी के पास शमशान घाट सहित सभी शमशान घाट का नियमित साफ सफाई कराने की नियमित व्यवस्था कराते हुए सभी शमशान घाटो का चारदीवारी कर घेरा बंदी करने की मांग की गयी है। चंद्रवंशी विकास मंच के सचिव चंद्रवंशी महेश भारती ने गुरुवार को कोडरमा नगर पंचायत के प्रशासक से मिल कर मांग पत्र सौंपा। वही भारती ने कहा कि शिवजी का निवास स्थान (श्मशान घाट) ऐसी जगह है जहां गंदगी से भरा पूरा है। उन्होंने कहा कि मानव शरीर, उस शरीर से जुड़े सभी रिश्ते, हर मोह और सभी तरह के बंधन खत्म हो जाते है, जीवो की मृत्यु के बाद आत्मा शिव में ही वास करते हैं, और श्मशान के देव कहलाते है इसलिए इस स्थल को सुंदर व स्वच्छ रखना हम सभी का फर्ज है। प्रशासक ने सराहनीय कार्य बताते हुए इस कार्य को सरकार के पास रखने के साथ ही पूरा कराने का आश्वस्त किया।

## चुनाव की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी संग विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक संपन्न हुआ। बैठक में उपायुक्त ने सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अपने अपने क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों का भ्रमण करेंगे। उन्होंने कहा कि उक्त मतदान केंद्र में पिछले एक साल में किसी प्रकार की संवेदनशीलता जैसी घटना पर पूरी विवरण के साथ रिपोर्ट उपलब्ध करायें। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमंत तिर्की, सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी और अन्य मौजूद रहे।

## निराशाजनक है बजट, बेरोजगारी और गरीबी पर नहीं दिया ध्यान: कृष्णा यादव



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष और बरही विधानसभा क्षेत्र के नेता कृष्णा यादव ने अंतरिम बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि इसमें बेरोजगारी और गरीबी को दूर करने के बारे में कोई बात नहीं की गयी है। यह बहुत निराश करने वाला बजट है। इसमें बेरोजगारी और खासकर युवा बेरोजगारी को दूर करने का लेकर कोई बात नहीं की गयी है। कहा कि बजट से जनता को कुछ नहीं मिला। एक तरफ गरीबी बढ़ रही है और लोगों के पास पैसे नहीं है। लेकिन इसे दूर करने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

## सौरभ कुमार ने बीडीओ का पदभार लिया



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में गुरुवार को नये बीडीओ सौरभ कुमार ने पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाला। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पूर्व से प्रतिनियुक्त बीडीओ ओमप्रकाश बड़ाईक के द्वारा नये बीडीओ को प्रभार सौंपा। उपस्थित पदाधिकारियों, सदस्यों और प्रखंड सह अंचलकर्मियों और गणमान्य लोगो और जनप्रतिनिधियों के द्वारा नये बीडीओ सौरभ कुमार को बुके देकर स्वागत कर सम्मानित किया गया। पद और कार्यभार संभालने के पश्चात नए बीडीओ सौरभ कुमार ने कहा कि पदाधिकारियों, कर्मियों और पंचायत के जनप्रतिनिधियों और आमजन सभी के सहयोग से प्रखंड क्षेत्र का समस्याओं का निदान कर बिना भेदभाव किये विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिले सरकार की योजनाओं जन जन तक पहुंचेगी। लोगों की समस्याओं के निदान और क्षेत्र विकास के सतत कार्य प्रारंभ कर लंबित कार्यों का निष्पादन किया जायेगा। मौके पर बीपीओ राहुल कुमार, प्रखंड नाजिर विकास कुमार, रोजगार सेवक प्रेम दास, सुनील भारती, शर्वेश कुमार, शिवकुमार ठाकुर समेत कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बजट पर विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं ने दी अपनी प्रतिक्रिया

# किसी ने विकसित भारत का बजट बताया तो किसी ने महंगाई बढ़ाने वाला बजट

दीपक

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश किया। बजट को विकास के दरवाजे खोलने वाले और जनकल्याणकारी बजट बताया है। हजारीबाग जिला के जनप्रतिनिधियों और विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए किसी ने आम बजट को विकसित भारत का बजट बताया तो किसी ने इसे महंगाई बढ़ाने वाला बजट बताया है।



हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की यह अंतरिम केंद्रीय अर्थसंकल्प विकसित भारत का बजट है। इसमें गरीब, किसान, महिला और युवा का विशेष ध्यान रखा गया है। साथ ही देश में पिछले 10 वर्षों में हुए बदलाव का यह बजट दर्पण है। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी बताया की यह जनकल्याणकारी बजट है और इसमें विकसित भारत के निर्माण की परिकल्पना की गयी है।



कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा की केंद्रीय बजट में आम जनता को अनदेखा किया गया है। जनता के अनुरूप यह बजट कही से नही दिख रहा। आम लोगों के आकांक्षाओं के अनुरूप यह बजट नहीं। इससे आम जनता को कोई लाभ होने वाला नही।



सीपीआइएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा है कि इस बजट में मोदी सरकार ने उद्योगपतियों के लिए 22% टैक्स माफी का प्रावधान किया है और इस बजट से महंगाई कम होने के बजाय और बढ़ेगी। वही नौकरी करने वालों के लिए इनकम टैक्स स्लैब में कोई बढ़ोतरी नहीं किया है जिससे नौकरी करने वाले लोग काफी निराश है।



झामुमो नेता डॉ कमल नयन सिंह ने कहा की इस बजट में कुछ खास लोगों को ध्यान में रखा गया है मिडिल क्लास और छोटे व्यापारियों को नजरंदाज किया गया है। महंगाई रोकने पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बजट मात्र लालीपाप है।



भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए वित मंत्री के दूरदर्शिता की तारीफ भी की है। कहा की इस बजट में सबों का खयाल रखा गया है। यह बजट विकास को और बढ़ायेगा।



कांग्रेस स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने कहा की यह बजट बेरोजगार, मजदूर, किसान, महिला, मध्यम वर्गीय छोटे व्यापारी को निरुत्साहित करने वाला और मंगाई को बढ़ावा देने वाला अंतरिम बजट बिल है। यह बजट मात्र मुंगेरीलाल का झूनझुना है।



कांग्रेस प्रदेश सचिव बिनोद सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा की केन्द्रीय बजट सरकारी विज्ञापन है। इसमें न कुछ नया है और न कुछ खास। यह मोदी सरकार का आखरी बजट है।



सदर विधायक के मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी ने कहा की यह विकासोन्मुख और दूरदर्शी बजट है जिसे बजट वर्ष 2047 के भारत को ध्यान में रखते हुए पेश किया गया है। उन्होंने कहा की यह बजट आने वाले भारत को सुदृढ़ करके शक्तिशाली बनाने वाला है।

# झारखंड के आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित

**झारखंड अलग राज्य के 198 और जेपी आंदोलन के 10 आंदोलनकारियों को सम्मानस्वरूप मिला प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड - वनांचल अलग राज्य के गठन के आंदोलनकारियों और जयप्रकाश आंदोलन के चिन्हित आंदोलनकारियों को उपायुक्त नैंसी सहाय ने सम्मानित किया। गुरुवार को नगर भवन में आयोजित सम्मान समारोह में उपायुक्त ने झारखंड राज्य के 198 एवं जेपी आंदोलन के 10 आंदोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी आंदोलनकारियों को धन्यवाद देते हुए इनके योगदानों को याद किया। उन्होंने कहा कि राज्य की परिकल्पना को साकार करने में आप सबों का उल्लेखनीय योगदान रहा है। कोई भी आंदोलन एक दिन में बड़ा नहीं होता इसके पीछे कई वर्षों का त्याग व बलिदान निहित होता है। हमें गर्व है की आपसबो को सम्मानित करने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम में उपायुक्त के आलावा अपर समाहर्ता संतोष सिंह, एनडीसी डेविड बलिहार, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी निवेदिता राय व अन्य मौजूद रहे।


## स्वागतयोग्य बजट : डॉ अभिषेक रामाधीन



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, रांची के उपाध्यक्ष डॉ अभिषेक रामाधीन ने अंतरिम बजट 2024 पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बजट के माध्यम से नये मेडिकल कॉलेज खोलने, आयुषमान भारत योजना का विस्तार, अनुसंधान क्षेत्र के लिए कम ब्याज दर पर लोन की सुविधा, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9-14 वर्ष की बच्चियों के टीकाकरण की योजना स्वागतयोग्य है।**

# केरेडारी में जमीनी विवाद में भाई ने की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** केरेडारी थाना क्षेत्र के कराली गांव में आपसी जमीनी विवाद में छोटे भाई बिरेन्द्र तिवारी ने अपने बड़े भाई रविन्द्र तिवारी उम्र करीब 47 वर्ष की चाकू मार कर हत्या कर दियो घटना के सम्बन्ध में बताया जा रहा है की बुधवार को शाम 7 बजे के करीब हत्यारे बिरेन्द्र तिवारी की अपने पिता बैजनाथ तिवारी से जमीन के लिए हिस्सेदारी को लेकर विवाद शुरू हुआ जो धीरे-धीरे बढ़ते गया तब मृतक रविन्द्र तिवारी बिच बचाव करने लगे इसी दौरान बिरेन्द्र तिवारी ने अपने बड़े भाई के गर्दन पर धारदार चाकू से वार कर दिया। अचानक हुई इस घटना से अफरा तफरी मच गया व परिजनों ने आनन फानन में रविन्द्र तिवारी को घायलावस्था में केरेडारी सीएच लाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज कस लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग ले जाने के क्रम में ही रविन्द्र तिवारी की मौत हो गयी। इधर पुलिस ने हत्यारे बिरेन्द्र तिवारी को हिराशत में लिया है समाचार लिखे जाने तक थाना में लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। विदित हो की मृतक रविन्द्र तिवारी तिन भाइयों में सबसे बड़े थे।

# जयनारायण मेहता और उनकी पत्नी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** स्वतंत्रता सेनानी रुद्रनारायण महतो के पुत्र और क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी रहे जयनारायण प्रसाद मेहता और उनकी पत्नी सरिता देवी की चौथी पुण्य तिथि उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्व मेहता शिक्षा को बढ़ावा देने का काम किया। बालिकाओं के उच्च शिक्षा के लिए दूरदर्शी सोच को रखते हुए अपने पैतृक गांव बरकाखुर्द में 1983 में उच्च विद्यालय की स्थापना की, जिसमे आज सैकड़ों छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। इतना ही नही उन्होंने बरकाखुर्द में जेएनएम इंटर कॉलेज की भी स्थापना की। वह अपने जीवन काल मे बिना कोई पद पोस्ट के समाज के बीच हमेशा जनकल्याण का कार्य करते रहे। 1 फरवरी 2020 को उनका देहांत हो गया। उनकी स्मृति में उनके पुत्र सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहता और शिक्षक श्रीकांत मेहता ने अपने माता पिता के याद में समाधि स्थल का निर्माण कराया। जहां आज उनकी समाधि स्थल, उच्च विद्यालय बरकाखुर्द और जेएनएम कालेज में चौथी पुण्य तिथि मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि पुण्य तिथि और जयंती खास लोगों की ही मनती है और इन्ही खास में से स्व जयनारायण मेहता थे। आज का कार्यक्रम तभी सफल माना जायेगा जब उनके सपनों को उनके पुत्र पूरा करेंगे। भाजपा नेता बटेश्वर मेहता ने कहा की स्व जयनारायण मेहता ने क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने का काम किया था। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार, आरके मेहता, जदयू नेता अर्जुन मेहता, पूर्व मुखिया सुनील मेहता, आदर्श युवा संगठन के गौतम मेहता, जयनंदन मेहता, हरिहर मेहता, पुत्र ओमप्रकाश मेहता, मुखिया और पुत्रबधू सीता कुमारी, संजू कुमारी, पुत्र श्रीकांत मेहता, पुत्री रेखा कुमारी, मुखिया किरण देवी, संगीता देवी, पबरा मुखिया सोनी कुमारी, पंसस प्रदीप मेहता, प्रयाग पासवान, पूर्व मुखिया अशोक यादव, नागेश्वर मेहता, राकेश मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में विदाई समारोह



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बी एम मेमोरियल स्कूल में कक्षा 10 के सभी विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर कक्षा 10 के सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से शुभकामनाओं के साथ-साथ गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक संदीप कुशवाहा ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बाद आप सभी बच्चे अलग-अलग होकर पढ़ाई करेंगे हमारा विद्यालय परिवार की ओर से कामना है कि आप सभी बच्चे जहां भी जायें अपने माता-पिता गुरुजनों और विद्यालय का नाम रोशन करें। वही कक्षा 10 से विदाई ले रहे सभी छात्र-छात्राओं ने एक स्वर में कहा कि बीएम मेमोरियल स्कूल और यहां के सभी शिक्षक हम लोगों को बहुत याद आयेंगे। मौके पर मुख्य रूप से उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा, प्राचार्य कैलाश कुमार, उपप्राचार्य पूनम कुमारी, विद्यालय के शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, आशीष कुमार, महेंद्र कुमार, विनोद नायक, एरिका टोप्पो, अमीन अंसारी, जेमा तिग्गा, सरिता बा, अंजली कुमारी, सुमित कुमार, मनीषा कुमारी, संदीप शर्मा, देवांति देवी, सोनू कुमार, दिलेश्वर दास, मुकेश दास, अफसाना प्रवीण, स्नेहा कुमारी, गंगा भारती, दुर्गा देवी, संजु देवी सहित सैंकड़ों छात्र-छात्रा में उपस्थित थे।

## गांव चलो अभियान को लेकर बैठक



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया भारतीय जनता पार्टी मंडल की बैठक भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रदेश नेतृत्व द्वारा गांव चलो अभियान को सफल बनाने पर विचार किया गया। इस अभियान को सफल बनाने के लिए शक्ति केंद्र के लिए संयोजक और सह संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में हजारीबाग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को बधाई दिया गया। बैठक में उपस्थित कार्यक्रम के संयोजक महेश अग्रवाल और राजु यादव ने कहा कि मंडल के पदाधिकारी मंडल के सभी बुथों में जाकर संगठन को मजबूत करेंगे और मंडल के दोनों लोकसभा हजारीबाग और कोडरमा और दोनों विधानसभा मांडु और बरकट्ठा के जीत का रणनिति तैयार किया जायेगा। मंडल में माडु विधानसभा के 33 बुथ और बरकट्ठा के 21 बुथ में पदाधिकारी प्रवास पर जायेंगे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि मिथलेश पाठक, कैलाशपति सिंह, उपाध्यक्ष उपेंद्र पांडेय, दशरथ नारायण सिंह, प्रमेश्वर यादव, अरूण सिंह, सुरेंद्र राणा, मनीष यादव, सुरेश प्रसाद, उपेंद्र सिंह, कृष्णा साव, अर्जून राणा, रोहित पटेल, गौतम कुशवाहा समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विवेकानंद सेवाश्रम में विप्र समाज ने की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विवेकानंद सेवाश्रम परिसर में विप्र समाज की मासिक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता विप्र समाज के अध्यक्ष रोहितानंद मिश्र और संचालन सचिव यशवंत मिश्र ने किया। बैठक में गत बीस दिसम्बर को आयोजित वर्षगांठ सह वनभोज के आय व्यय के व्योरे पर चर्चा की गयी, और समाज का बैंक में खाता खोलने की बात कही गयी। समाज के सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर सेवानिवृत्त शिक्षक स्व ठाकुर पांडेय की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर संयुक्त सचिव महेंद्र नाथ मिश्र, कोषाध्यक्ष रविंद्र पाठक, निरंजन मिश्र, सुनील कुमार अकेला, पांडेय, दीनानाथ पांडेय, गणेश पांडेय आदि उपस्थित थे।

## उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर हुई कार्रवाई



**दारु /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय तीउज पुनाई के प्रभारी प्रधानाध्यापक हीरालाल राम का कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उनपर कार्रवाई करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक पद से हटा दिया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेश्वर सिंह ने इस बारे में विधिवत रूप से लिखित आदेश मे वर्तमान प्रभारी को हटाते हुए सहायक शिक्षक नितिन कुमार सिन्हा को प्रभार देने का निर्देश दिया गया है। इस बारे मे लिखित आदेश में बीइओ ने बताया की प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ मध्यान्ह भोजन सहित विद्यालय के अन्य कार्यों मे लापरवाही और अनितमीतता बरतने का आरोप ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगाये गये थे। इस बारे मे पंचायत समिति और बीस सूत्री की मासिक बैठक मे कई बार उठाया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह और विधायक अमित यादव के विधायक प्रतिनिधि बसंत सिंह ने बड़ी मुखरता से इस मुद्दे को उठाया था जिसके बाद बीईओ ने जांच के बाद करवाई की बात कही थी। जांच के लिए अगस्त 2023 मे पांच सदस्यों की एक टीम बनायी थी जिसमें प्रभारी के विरुद्ध की गयी शिकायत को सही पाते हुए उनके कार्य में घोर अनियमितता, त्रुटिपूर्ण और असंतोसजनक पाया जिसके बाद उनसे अस्पस्टीकरण पूछा गया जबाब संतोसजनक नहीं पाये जाने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की गयी है।

## पंचायत में विकास योजनाओं को लेकर बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड सभागार में मुखिया, प्रखंड कर्मियों, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, पंचायत स्वयंसेवक की बैठक की गयी। बैठक में जीपीडीपी 2024-25, जीइएम पोर्टल सेकेंडरी यूजर रजिस्ट्रेशन, पीएम विश्वकर्मा रजिस्ट्रेशन, महिला सभा और बाल सभा आयोजन, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए एलएसडीजी अंतर्गत चयनित थीम का सरकारी भवन में प्रदर्शन, पंचायत भवन में बायोमेट्रिक उपस्थिति, पंचायत सचिवालय साजसजा, 15वे वित्त में व्यय, अंकेक्षण, उपयोगिता प्रमाण पत्र की स्थिति, पंचायत ज्ञान केंद्र अधिष्ठापन की स्थिति और पंचायत मोबिलाइज और चयन की स्थिति पर चर्चा पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर सभी बिंदुओं पर प्रखंड कोऑर्डिनेटर आशीष कुमार द्वारा जानकारी देते हुए सभी से वस्तु स्थिति की जानकारी ली गयी। बैठक में मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ महतो, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया कमला देवी, विमला देवी, बेबी कुमारी, पूजा कुमारी, प्रभु महतो, नीलम मिंज, अनिकेत नायक, लीलावती देवी, कविता देवी, गीत देवी, एतवरिया देवी, मोहम्मद इलियास अंसारी सहित प्रखंड कर्मी पंचायत सचिव और अन्य लोग शामिल थे।

## सखुआ पत्ता से पतल बनाकर ग्रामीण करते हैं जीवकोपार्जन



**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत के नवादा गांव में अधिकांश गंझू समुदाय के लोग रहते है । गांव में रोजगार नहीं रहने के उनकी आर्थिक स्थिति काफी खराब है। जिसके कारण इस गांव के ग्रामीण सखुआ पत्ता से पतल बनाकर जीवकोपार्जन कर रहे है। लोगों को खाने के लिए न भोजन और न पीने के लिए शुद्ध पानी मिलता है। गांव में सिंचाई की सुविधा नहीं रहने के कारण ग्रामीण खेती नहीं कर पाते है। अधिकतर लोग रोजगार के लिए इस गांव से दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पलायन कर गये है। इस क्षेत्र में सुविधा का घोर अभाव है। जिसके कारण ग्रामीण किसी तरह से सखुआ पत्ता का पतल बनाकर अपना जीविका चला रहे है। लेकिन सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से गांव में बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराने की मांग किया है।

## टीबी फोरम से संबंधित बैठक संपन्न




**चतरा (आजाद सिपाही)।** टीबी फोरम अध्यक्षता सह उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में यक्ष्मा कमि वोटि की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में चतरा जिला अंतर्गत कोल और खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मियों और मजदूरों का बलगम जांच/टीबी जांच खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कराने का निर्देश दिया गया। टीबी मरीजों का पोषण और दवा की सम्पूर्ण व्यवस्था करने और टीबी मरीज अपना पूरे इलाज अवधि की कोर्स को पूर्ण करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को मरीजों को मॉनिटरिंग करते रहने और साथ ही टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना का शत प्रतिशत लाभ देने का निर्देश दिया गया। संबंधित पदाधिकारियों ने जानकारी मरीजों को पांच सौ रू प्रति माह पूरे इलाज अवधि तक मरीज के खाते में देने की जानकारी दिया गया। सभी इलाजरत मरीजों को पोषण टोकरी का लाभ देने का निर्देश दिया गया। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने हेतु स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को टीबी के प्रति व्यापक प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाये। सभी यक्ष्मा मरीजों का एचवाईवी का जांच और डायबिटीज की जांच अनिवार्य रूप से करायें। बैठक में यक्ष्मा रोगी के प्रतिनिधि के द्वारा जानकारी दिया गया कि जिले में लघु उद्योग यथा बीड़ी मजदूर, मोमबती बनाने वाले या अन्य कार्य से जुडे.मजदूरों का यक्ष्मा जांच कराना है। बैठक में सिविल सर्जन डा. जगदीश प्रसाद, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डा. कुमार उत्तम, उपाधीक्षक सदर अस्पताल चतरा डा. मनीष कुमार, जिला नोडल पदाधिकारी सह महामारी विशेषज्ञ चतरा डा. आशुतोष, जिला कार्यक्रम समन्वयक यक्ष्मा विक्रांत कुमार, यक्ष्मा/एचआईवी पर्यवेक्षक मनोज कुमार, यक्ष्मा रोगी प्रतिनिधि ओम प्रकाश वर्मा, पत्रकार प्रतिनिधि अभिमन्यु कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गुरुवार को रामगढ़ से रांची की ओर जा रही सीमेंट लदा ट्रक संख्या जेएच 10सीएम 3960 ने बाइक संख्या जेएच 24एफ 5106 पर सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद रामगढ़ से रांची जाने वाली मार्ग जाम हो गयी। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सड़क पर पड़े शव को सदर अस्पताल भेज दी। साथ ही यातायात को सुचारू रूप से चालू करवाया। वही, ट्रक चालक थोड़ी दूर ले जाकर ट्रक को सड़क के बीचो-बीच खड़ी कर फरार हो गया। पुलिस ने उक्त ट्रक को अपने कब्जे में कर थाना ले आयी। इस संबंध में रजरप्पा थाना क्षेत्र के जामसीन निवासी मृतक अजीम अंसारी पिता असरुल हक के भाई मो ताजिम ने रामगढ़ थाना में एक आवेदन देकर ट्रक व चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि मेरा भाई रामगढ़ से जामसीन घर जा रहा था, इसी बीच ट्रक ने उसे पीछे से अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

## मांडू में मुखिया ने बांटे कंबल



**मांडू (आजाद सिपाही)।** शीतलहरी और कंपकपाती ठंढ को देखते हुए पुंडी पंचायत की मुखिया रोपन देवी ने एक समारोह का आयोजन कर गरीब, वृद्ध और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने पुंडी और भूताही के भुइयां टोली में करीब 50 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, छोटेलाल मांझी के अलावा लाभुक पांडू महतो, बुचु देवी, ज्ञानी देवी, रोहनी देवी, सोहरी देवी आदि लाभुक शामिल थे।

## शमशेर जंग मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** खेलकूद से नौजवानों में नयी ऊर्जा का संचार होता है उक्त बातें गुरुवार को पतरातू डीजल शेड स्थित फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित 35वां शमशेर जंग मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के मौके पर मुख्य अतिथि वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता ओंकार शरण सिंह ने कही। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा डीजल लोको शेड स्थित शमशेर जंग कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया किया गया। मैच का उद्घाटन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। टूर्नामेंट के प्रथम मैच बेस्ट बोकारो घाटों और रामगढ़ के बीच खेला गया जिसमें रामगढ़ की टीम 2-0 गोल से विजय रहा। इस मौके पर मंडल अभियंता-अनुराग, मंडल विद्युत अभियंता-अमित कुमार, पूर्व मध्य रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा 2के सचिव अजीत कुमार, वरीय अनुभाग अभियंता-एम एम अंसारी, यू के सिंह, सुनील सिंह रेफरी बी एन राय, अजय डीसूलवा सुरेश दास मोहम्मद याकूब हुसैन खेल संचालन मे विवेक कुमार, मनोज श्रीवास्तव का योगदान रहा। इस मौके पर आर आर सिंह, बी के सक्सेना, सनोज कुमार राय, रोहित कुमार, विस्वाजीत महतो, राजेश शर्मा, बिपुल कुमार के सहित भारी संख्या मे दर्शक उपस्थित थे।

### पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना को लेकर डीसी ने की बैठक

# एक महीने के अंदर संयोजिका समिति का पुनर्गठन करें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**विस्तृत रिपोर्ट को गूगल ड्राइव में अपलोड करना सुनिश्चित करें**

जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से डीसी ने रियल टाइम मॉनिटरिंग के मद्देनजर बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मियों द्वारा मध्यान भोजन से संबंधित निरीक्षण के क्रम में जानकारी के साथ प्रारूप अनुरूप विस्तृत रिपोर्ट को गूगल ड्राइव में अपलोड करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना को लेकर गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक कर कर निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा डीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत संचालित मध्यान भोजन और इस संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई।

**बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराने और आयरन की गोली खिलाने का निर्देश:** बैठक के दौरान डीसी ने सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने के लिए ऐसे विद्यालय जिन में किचन गार्डन के लिए जगह उपलब्ध है उन्हें चिन्हित करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराने और उन्हें आयरन की गोली खिलाने का भी निर्देश दिया।

**एक महीने के अंदर संयोजिका समिति का पुनर्गठन करें:** बैठक में डीसी ने शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने और 60 साल से ज्यादा उम्र की रसोइयों का वृद्धा पेंशन शुरू करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। साथ ही उन्होंने सभी सरकारी विद्यालयों में एक निश्चित समय पर ही बच्चों को एमडीएम देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को एक महीने के अंदर संयोजिका समिति का पुनर्गठन करने का भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद जिला यक्ष्मा पदाधिकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### आगामी वार्षिक माध्यमिक और इंटर परीक्षा को लेकर बैठक

# पूरी पारदर्शिता और कदाचार मुक्त तरीके से करायें परीक्षाओं का आयोजन: उपायुक्त

**माध्यमिक के लिए 45 और इंटर के लिए 28 केंद्रों पर होगी परीक्षा**

**माध्यमिक परीक्षा में 16485 और इंटरमीडिएट में 11427 अभ्यर्थी होगें शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**चतरा।** आगामी 6 फरवरी 2024 से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त आयोजन के मद्देनजर आज उपायुक्त, अबु इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक की गयी। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र द्वारा जानकारी दी गयी कि इस वर्ष चतरा जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 45 परीक्षा केंद्रों पर 16,485 और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 28 केंद्रों पर 11,427 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को अपने अपने केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने केंद्र अधीक्षकों के लिए जारी दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को सभी केंद्र अधीक्षकों को अच्छी तरह से पढ़ लेने और किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र के द्वारा परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में केंद्र अधीक्षकों की कई दुविधाओं को दूर किया गया वहीं शिक्षा पदाधिकारी ने परीक्षा के आयोजन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी केंद्र अधीक्षकों को दिये। बैठक में केंद्र अधीक्षकों, शिक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

# एल एंड टी कंपनी के मजदूरों ने रैविमो के समक्ष समस्याओं को रखा

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** उरीमारी न्यू बिरसा परियोजना डीपू के समीप बृहस्पतिवार को एलएण्डटी कंस्ट्रक्शन में कार्यरत विस्थापित मजदूरों ने कंपनी द्वारा मनमानी व शोषण को लेकर अपनी बातों को रैयत विस्थापित मोर्चा के बीच रखा। जिसमें मजदूरों द्वारा बताया गया कि पिछले कई बार मजदूरों को कम्पनी द्वारा मनमानी ढंग से बैठाया गया है और आगे भी कम्पनी विस्थापित मजदूरों को काम से बैठाने की संभावना बनी हुई है। मजदूरों ने बताया कि हमलोग इमानदारी और निष्ठा पूर्वक हमेशा से काम करते आये है, इसके बाद भी समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है। कम्पनी द्वारा बताया जाता है कि सिविल का काम समाप्ति की ओर है, इसलिए सभी मजदूरों को बैठाया जायेगा। मजदूरों ने बताया कि विस्थापित मजदूरों को बैठाकर बाहर के मजदूरों से काम लिया जा रहा है। समस्याओं को सुन रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले एलएण्डटी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को ज्ञापन पत्र सौंपा गया। यदि एलएण्डटी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड मनमानी मजदूरों के प्रति करती है तो रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा संपूर्ण रुप से काम को बाधित किया जाएगा और आगे सीएचपी सैलो उद्घाटन में भी विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से रैविमो बिरसा अध्यक्ष पप्पु लाल मॉझी, सचिव सन्नी सोरेन, बिनोद हेम्ब्रोम मजदूरों की ओर से राजेन्द्र मुण्डा, मंटू मुंडा, राजा मुर्मू, अजय करमाली, हीरालाल हेम्ब्रोम, संतोष करमाली, अनिल कुमार, ठुड्डु मांझी, मुकेश टुडू, राजु करमाली, बिनोद मांझी, महेश मुंडा, महेश पवरिया, भदवा मांझी, प्रकाश मांझी, बिनोद मांझी, शाहरूख सोरेन, पंकज बेसरा, सुरेन्द्र बेसरा, रमेश मुंडा, टींकु कुमार, रमेश प्रजापति, राजकिशोर सिंह, आकाश मॉझी, राजू मुंडा, रौशन हॉसदा, राकेश हॉसदा, राजेश कुमार, धनीराम मॉझी, महालाल सोरेन, बब्लू मुंडा, सुमित सोरेन, निर्मल मांझी, राजेश मुर्मू, अरूण तिग्गा, जीवन मिंज, छोटेलाल टुडू, सिकेन्द्र टुडू, दिलीप टुडू, सिकेन्द्र किशुन किस्कू, पंचम महतो, हिरा मांझी, पवन मुर्मू, पोटरा मांझी, बब्लू मांझी, मुनिष मरांडी, जेकरा मांझी, गोपाल टुडू, साहेबराम मुर्मू, सुनिल कुमार, दिलीप कुमार आदि मौजूद थे।

# हेमंत की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रतिवाद मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का विरोध अब धीरे-धीरे शुरू हो गया है। हेमंत की गिरफ्तारी से पूरा अवाम गुस्सा में है। इसी के तहत गुरुवार को आइसा इनौस ने प्रतिवाद मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया। साथ ही हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के लिए प्रतिवाद सभा भी किया। मोदी सरकार चाह रही है कि देश विपक्ष मुक्त बने जो संविधान लोकतंत्र के खिलाफ है। मौके पर आइसा जिला अध्यक्ष सावित्री मुंडा, जिला सचिव अंजली कुमारी, सावन कुमार, पूजा टुडू, अनीशा, संगीता इनौस नेता पवन गोप, प्रकाश मुंडा, आकाश हांसदा, अमल घोष सहित अन्य उपस्थित थे।

## केंद्रीय वित्त मंत्री का अंतरिम बजट स्वागत योग्य : मनोज गिरी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का पेश किया गया अंतरिम बजट को स्वागत योग्य बताया। मनोज गिरी ने कहा कि अंतरिम बजट भारत वर्ष के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। इस बजट में किसी प्रकार का टैक्स नहीं बढ़ाया गया है। जो गरीब, किसान और नारी शक्ति का ध्यान में रखकर बढ़ावा देने के उद्देश्य से बजट के माध्यम से सहयोगी होगा। वही, कृषि किसान कल्याण के लिए यह बहुत ही सुंदर बजट है। उन्होंने विकासहित में जारी बेहतरीन बजट की सराहना करते हुए पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

## अंतरिम बजट नवभारत निर्माण की गारंटी: राजू चतुर्वेदी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी अंतरिम बजट को विकसित भारत को समर्पित बताया है। अंतरिम बजट से युवा, किसान, महिला और गरीबों को अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूर्ण करने में मजबूती प्रदान करेगा। वही, युवाओं को रोजगार सहित नई साधनों के साथ 2047 तक विकसित भारत बनाने वाला बजट है। इस बजट में रेल और हवाई मार्ग का विस्तार समेत भारत नवनिर्माण विकास को गति देने का प्रयास किया गया है। वही, मोदी की गारंटी संकल्प के तहत समाज के अंतिम व्यक्ति तक पीएम आवास योजना लक्ष्य पहुंचाने, आधुनिक खेत के लिए सोलर और मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने, स्टार्टअप टैक्स पर रियायत देने की बात कही गयी है। कहा कि यह बजट नवभारत निर्माण की गारंटी है। जो विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत, सुदृढ भारत की नींव रखेगा।

## अंतरिम बजट भारत नवनिर्माण को दिशा देने वाला : जगेश्वर प्रजापति



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जारी अंतरिम बजट को भारत नवनिर्माण को दिशा देने वाला बजट बताया है। इस सराहनीय बजट के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, अमित शाह और निर्मला सीतारमण को देश की जनता की ओर से आभार किया। कहा कि बजट सत्र आरंभ होने से पूर्व साफ संकेत दिये जो आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक अंतरिम बजट ऐसे विकास का दिशा-निर्देशक होगा। जो देश को अगले तीन वर्षों से भी कम समय में पांच ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में सक्षम होगा। इस बजट में युवा किसान और हर वर्ग के लोगों को ख्याल रखा गया है।

## दूरदर्शी और विश्वास का अंतरिम बजट : संजय



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा रामगढ़ नगर परिषद उपाध्यक्ष संजय शाह ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी अंतरिम बजट निरंतर आर्थिक वृद्धि के लिए एक व्यापक मार्ग प्रशस्त किया है, जो भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने में सक्षम बनायेगा। इस बजट में महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार, आर्थिक वृद्धि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाना, उभरते क्षेत्रों पर जोर देना और शहरी और ग्रामीण आवास को प्रोत्साहन देना शामिल है। संजय शाह ने कहा कि बजट दूरदर्शी है और यह निरंतरता और विश्वास का बजट है। उन्होंने अंतरिम बजट की सराहना करते हुए स्वागत किया।

## सभी वर्गों को राहत देने वाला बजट : प्रवीण



**कुजू (आजाद सिपाही)।** भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में जारी अंतरिम बजट को सभी वर्गों को राहत देने वाला बजट बताया है। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के जारी बजट को लेकर कहा कि यह भारत को विकास की दिशा में आगे लेकर जाने वाला बजट है। हम अभी दुनिया में पांचवी बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरे हैं। बजट से देश को कई पायदान आगे बढ़ाने की उम्मीद जगी है।

## इस बजट में तमाम देशवासियों के हितों का रखा गया है ख्याल : अमरेश सिंह



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह भारतीय जनता पाटी के भुरकुंडा मंडल उपाध्यक्ष 2024 के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की यह अंतरिम बजट भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी को गारंटी देनें वाला बजट है। राष्ट्र को प्रथम मानते हुए इस बजट में सभी तरह के लोक लुभावने वायदों से परहेज किया गया है। आत्मनिर्भर भारत की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो पाये इस बात का ध्यान रखते हुए टैक्स के स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। परफार्म, रिफार्म, ट्रांसफार्म के जरिए देश का विकास होगा। उन्होंने कहा की इस बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। निमित्त पर्यटन के क्षेत्र में विकास हेतु विभिन्न प्रकार के कारीडोर बनेंगे जिससे राज्यों के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार का सृजन होगा। साथ ही गति शक्ति को बढ़ावा देने के लिए सड़कों का निर्माण, रेलवे, बंदरगाहों, एयरपोर्ट और विमानन क्षेत्र का विकास किया जायेगा। सिंह ने कहा की इस बजट में देश में युवाओं के हित में स्टार्टअप को तेजी प्रदान करने के निमित्त लिए जानें वाले ऋण पर राहत प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। आवास विहीन लोगों को दो करोड़ नये घर दिए जायेंगे। साथ ही महिलाओं के हितों को ध्यान रखा गया। इसके तहत 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जायेगा। अमरेश सिंह ने कहा की कुल मिलाकर देश की वित्तमंत्री निर्मला सितारमण ने बहुत सधा हुआ बजट पेश किया है। उन्होंने कहा की देश के बुनियादी व्यवस्थाओं के मद्देनजर यह बजट देश तमाम लोगों के हितों को पर ध्यान देते हुए तैयार किया गया है। इससे तीव्र गति से देश का सर्वांगीण और चतुर्दिक विकास हो सकेगा।

# एक और लंबी छलांग

इलेक्ट्रिक वीइकल (इवी), स्पेस ट्रैवेल से लेकर मंगल पर इंसानी बस्ती बसाने जैसे अनोखे आइडिया लाने और उन पर अमल के प्रयास शुरू कर देने के लिए मशहूर इलॉन मस्क ने एक बार फिर सबको चौंकाया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर यह जानकारी दी कि उनकी कंपनी न्यूरालिंक ने पहली बार किसी इंसान के दिमाग में चिप लगायी और शुरुआती संकेतों के मुताबिक यह प्रयोग सफल भी रहा। यह कदम मानव जीवन में साइंस और टेक्नॉलजी की भूमिका के नये दौर की शुरुआत साबित हो सकता है। वैसे, यह काम न्यूरालिंक से पहले दूसरी कंपनियां कर चुकी हैं। ब्लैकरॉक न्यूरोटेक नाम की कंपनी जो इस क्षेत्र में न्यूरालिंक की प्रतिद्वंद्वी है, वह पहले ही कई इंसानों के दिमाग में ऐसी चिप लगा चुकी है। खैर, न्यूरालिंक की यह पहल बड़ी है, लेकिन शुरू में इसका फायदा उन्हीं लोगों को मिलेगा, जो किसी वजह से अपने अंग गंवा चुके हैं या उनके अंग बेकार हो चुके हैं। ऐसे मरीजों के लिए सिर्फ सोच कर फोन, कंप्यूटर या ऐसे अन्य उपकरणों का इस्तेमाल करने की क्षमता वरदान साबित हो सकती है। थोड़ा आगे की बात करें, तो इससे उन लोगों को भी फायदा हो सकता है, जिनके शारीरिक अंग तो दुरुस्त हैं, लेकिन दिमागी बीमारियों की वजह से वे उन्हें ठीक से काम में नहीं ला पाते। उदाहरण के लिए अलजाइमर, पार्किंसन ही नहीं, डिप्रेशन और यहां तक कि अडिक्शन के मामलों में भी यह चिप उपयोगी साबित हो सकती है। यह ध्यान में रखना जरूरी है कि बीमारियों का इलाज इस प्रयोग का सिर्फ एक पहलू है। मस्क ही नहीं, इस प्रयोग पर काम कर रहे अन्य लोगों का भी ध्यान वास्तव में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआइ) के जरिए इंसानी दिमाग की क्षमता बढ़ाने पर रहा है। तो आज नहीं तो कल बात उस तरफ जाएगी। यह विचार काफी लुभावना है कि दिमाग में एक चिप के जरिए दुनिया भर की जानकारी डाउनलोड कर इंसान बेतहाशा सूचनाओं को स्टोर करने की क्षमता बढ़ा ले, लेकिन इसमें खतरे भी कम नहीं। बुनियादी बात यह है कि ऐसा कोई चिप छह महीने या साल भर के लिए नहीं बल्कि लंबे समय (10-20 साल या इससे भी ज्यादा) के लिए लगेगा। लेकिन इतने लंबे समय तक दिमाग और चिप के बीच तालमेल बना रहेगा या नहीं, इस बारे में कोई स्टडी अभी नहीं हुई है। दिमाग की सर्जरी काफी नाजुक होती है। इससे जुड़े खतरे तो अपनी जगह हैं ही, यह सवाल भी है कि अगर इस चिप को किसी उपाय से हैक कर लिया गया और उसमें गलत जानकारी फीड कर दी गयी तो? बेशक इन सवालों से डर कर विज्ञान की प्रगति को रोकने की कोशिश बेमानी होगी, लेकिन इन सवालों से आंख मूंदकर आगे बढ़ना भी सही नहीं होगा।


**दिमाग की सर्जरी काफी नाजुक होती है। इससे जुड़े खतरे तो अपनी जगह हैं ही, यह सवाल भी है कि अगर इस चिप को किसी उपाय से हैक कर लिया गया और उसमें गलत जानकारी फीड कर दी गयी तो?**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

कैंसर आज के समय में एक वैश्विक समस्या बन चुका है और लाखों लोगों को इसकी चपेट में आना पड़ता है। इस वर्ष 2024 में विश्व कैंसर दिवस हर किसी के लिए उपचार तक पहुंच देखभाल की खाई को पाटें है। यह थीम इस बात पर प्रकाश डालती है कि उपचार तक पहुंच की असमानता दुनिया भर में कैंसर से होने वाली मौतों का एक प्रमुख कारण है। विकासशील देशों में रहने वाले लोगों को अक्सर कैंसर का पता देर से चलता है, उन्हें उचित उपचार नहीं मिल पाता और इसकी लागत भी उनके लिए वहन करना मुश्किल हो जाता है।

# आज के समय में एक वैश्विक समस्या है कैंसर

**मनोज कुमार सिन्हा**



हर साल 4 फरवरी को विश्व भर में विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, इसके लक्षणों को पहचानना सिखाना और रोकथाम के उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कैंसर आज के समय में एक वैश्विक समस्या बन चुका है और लाखों लोगों को इसकी चपेट में आना पड़ता है।

इस वर्ष 2024 में विश्व कैंसर दिवस हर किसी के लिए उपचार तक पहुंचः देखभाल की खाई को पाटें है। यह थीम इस बात पर प्रकाश डालती है कि उपचार तक पहुंच की असमानता दुनिया भर में कैंसर से होने वाली मौतों का एक प्रमुख कारण है। विकासशील देशों में रहने वाले लोगों को अक्सर कैंसर का पता देर से चलता है, उन्हें उचित उपचार नहीं मिल पाता और इसकी लागत भी उनके लिए वहन करना मुश्किल हो जाता है।

**कैंसर क्या है :** कैंसर कोशिकाओं के अनियंत्रित विभाजन से उत्पन्न होने वाली एक बीमारी है। सामान्य रूप से, शरीर की कोशिकाएं एक विशेष नियंत्रण में रहकर ही बढ़ती और विभाजित होती हैं। परन्तु कैंसर कोशिकाएं इस नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं और लगातार बढ़ती रहती हैं, जिससे ट्यूमर बन जाते हैं। ये ट्यूमर आसपास की स्वस्थ कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं और शरीर के अन्य अंगों में भी फैल सकते हैं।

**हर साल 4 फरवरी को विश्व भर में विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है।**

**कैंसर के प्रकारः** कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, जो उस अंग या ऊतक से जुड़े होते हैं जहां से इनकी शुरुआत होती है। कुछ सामान्य प्रकार के कैंसर में शामिल हैंः स्तन कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, कोलन कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्लड कैंसर (ल्यूकेमिया, लिम्फोमा), मस्तिष्क ट्यूमर।

**कैंसर के लक्षणः** कैंसर के लक्षण अनेक प्रकार के हो सकते हैं और ये आपके कैंसर के प्रकार और उसके स्तर के आधार पर भिन्न हो सकते हैं। कुछ सामान्य लक्षणों में शामिल हैंः थकान, वजन कम होना, बुखार, शरीर में गांठें, रक्तस्त्राव, दर्द, भूख न लगना, त्वचा में बदलाव, खून की कमी।

**कैंसर के जोखिम कारकः** कई कारक कैंसर के खतरे को बढ़ा सकते हैं, जैसेः आनुवंशिकी, आहार और पोषण, धूम्रपान, शराब का सेवन, अधिक वजन, शारीरिक निष्क्रियता, कुछ संक्रमण, पर्यावरणीय कारक।

**कैंसर की रोकथामः** हालांकि सभी कैंसरों को रोका नहीं जा सकता है, लेकिन स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर और नियमित जांच करवाकर इसके खतरे को कम किया जा सकता है। रोकथाम के कुछ उपायों में शामिल हैंः संतुलित आहार लेना, नियमित व्यायाम करना, धूम्रपान न करना, शराब का सीमित सेवन, सूर्य की किरणों से बचाव, नियमित स्वास्थ्य जांच करवाना, टीकाकरण करवाना, देखभाल की असमानता को दूर करना।

**बचाव के लिए क्या करें :** अमेरिकन कैंसर सोसाइटी के अनुसार, धूम्रपान और तंबाकू की लत छोड़ने पर फेफड़े और गले का कैंसर होने का खतरा लगभग 50 प्रतिशत कम हो जाता है. जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें। बार-बार गर्म किये तेल में बने खाद्य पदार्थों से परहेज करें।

'द लैंसेट' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, कैंसर से बचाव में खट्टे फलों जैसे संतरा, मौसंबी, नीबू आदि के अलावा लहसुन, अदरक, ब्रोकली और टमाटर अत्यंत लाभप्रद हैं। वहीं वर्ल्ड ओबेसिटी फेडरेशन के अनुसार, मोटापा कोशिकाओं में गड़बड़ी (म्यूटेशन) का एक कारण बन सकता है. ऐसे में अपना वजन सामान्य रखें और मोटापे को स्वयं पर हावी न होने दें।

**वायु प्रदूषण से भी हो रहा कैंसर :** कैंसर के कुछ प्रमुख कारणों में धूम्रपान व तंबाकू का सेवन शामिल है। ज्यादा शराब पीना लिवर और किडनी कैंसर का कारण बन सकती है। हानिकारक रासायनिक पदार्थों के संपर्क में आने से त्वचा का कैंसर हो सकता है। वायु प्रदूषण से भी निकट भविष्य में फेफड़ों के कैंसर के मामले बढ़ सकते हैं।

**जांच व उपचार :** के अरिरी कैसर का शुरूआती रेडिएशन एवं कीमयोगी के क्षेत्र में कमी महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं इलाज की आधुनिक तकनीकों में रोबोटिक सर्जरी प्रोटीन शोगी नवीनतम साइबर और नामानाइक जैसी चिकित्सा की तकनीकें स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाये बिना कैंसर से होने वाली मृत्यु दर को कम करने में सहायक है. इसके अलावा टार्गेटेड थेरेपी और स्टेम सेल ट्रांसप्लांट आदि से भी कैंसर के इलाज को एक नया आयाम मिला है।

**उपचार की अन्य पद्धतियां : इंटेंसिटी मॉड्यूलेटेड रेडिएशन येरेपी :** आइएमआरटी, नामक इस थेरेपी से कैंसर ग्रस्त भाग को रेडिएशन से हटा दिया जाता है। इस प्रक्रिया में कैंसरग्रस्त भाग के समीप स्थित स्वस्थ कोशिकाओं पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ता। इस थेरेपी का इस्तेमाल ब्रेन ट्यूमर और प्रोस्टेट कैंसर आदि के इलाज में हो रहा है।

**इमेज गाइडेड रेडिएशन थेरेपीः** इसे आइजीआरटी भी कहते हैं. कैंसरग्रस्त भाग का पता लगाने और उसका आकलन करने के बाद वह थेरेपी उस भाग को रेडिएशन से हटा देती है। फेफड़ों के कैंसर, पेट संबंधी कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर के इलाज में इस थेरेपी का सफलतापूर्वक इस्तेमाल हो रहा है।

**जीन थेरेपीः** कोशिकाओं में मौजूद जीन में गड़बड़ी के कारमा कैंसरग्रस्त होने खतरा बढ़ जाता है। जोन बेरेपी के अंतर्गत इसी सड़बड़ी को दूर करने का प्रयास किया जाता इस बेरेपी के संदर्भ में शोध भी जारी है। इन्दुनोवेरेपी शरीर में किसी भी रोग का मुकाबला करने के लिए जो कोशिकाएं होती है, उन्हें प्रतिरक्षी सेल्स कहा जाता है। इन सेल्स के जरिये केसरग्रस्त कोशिकाओं के दुष्प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस संदर्भ में भी शोध जारी है। सब विटामिन पर रहता है फोकस, लेकिन कभी इस विटामिन पर देते हैं यह आमतौर पर हम विटामिन बी कॉम्पलेक्स, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन डी आदि के बारे में बहुत कुछ जानते हैं लेकिन विटामिन बी 6 के बारे में कम लोगों को जानकारी रहती है। विटामिन बी 6 कैंसर और हार्ट डिजीज जैसी घातक बीमारी से बचाता है।

हमारी जिंदगी के लिए विटामिन और मिनिरल्स अत्यंत आवश्यक है। ये हमारे शरीर में बीमारी फैलने वाले सूक्ष्मजीवों को मार देते हैं, घावों को भर देते हैं, हड्डियों को मजबूत करते हैं और कई तरह के हार्मोन को रेगुलेट करते हैं। जब भी कोई कमजोर होता है तो लोगों के मुंह से अमूमन यही निकलता कि विटामिन की कमी हो गयी। अक्सर लोग विटामिन बी, बी 12, विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन डी आदि की बात करते हैं और इस पर ही ज्यादा फोकस करते हैं, लेकिन विटामिन बी 6 के बारे में ज्यादातर लोग नहीं जानते हैं, पर विटामिन बी 6 ऐसा विटामिन है जो कैंसर और हार्ट अटैक से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

## जमशेदपुर की खबरें

# टुइलाडुंग्री हिंदुस्तानी संघ में भाजमो जमशेदपुर महानगर की बैठक में शामिल हुए सरयू राय



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा जमशेदपुर महानगर की एक बैठक जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। गुरुवार को टुइलाडुंग्री हिंदुस्तानी संघ में बैठक जे दौरान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। बैठक में राज्य में राजनीतिक संकट के बाद उत्पन्न हुई परिसतिथि पर गहन चर्चा की गई। साथ ही शहरवासियों व शहर की व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार-विमर्श किया गया। इन परिस्तिथियों में पार्टी कार्यकताओं को कई दिशा-निर्देश दी गई। विधायक सरयू राय ने आगामी चुनाव को देखते हुए जिला के पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों को संगठन को सशक्त बनाने और मंडलों में संगठानिक बैठक नियमित रूप से करने को निर्देशित किया। राय ने कहा कि केबुल टाउन इलाके में घर-घर बिजली संयोजन को लेकर लंबे समय से प्रयासरत है। इस मुद्दे को लेकर लगातार बैठक और विधानसभा सत्र में उठाने का प्रतिफल है टाटा कंपनी ने घर-घर विद्युत संयोजन प्रदान करने की सहमती दी थी। इस योजना के लिए प्रशासनिक सवीकृती मिल चुकी है। कार्य प्रारंभ करने के लिए अनावश्यक विलंब किया जा रहा। जुस्को के द्वारा घर-घर पानी कनेक्शन प्रदान कर दिया गया।घर-घर बिजली वर्षों पुरानी मांग है। जहाँ बिजली नहीं पहुँची है 9 पाइंट से बिजली लोगो के घर तक दी जाती है। जो उपभोक्ता को 1.5 गुना महंगी पड़ती है। बिजली के तारों और अन्य उपकरणों की मरम्मत नहीं होती है। केबुल टाउन में घर-घर बिजली संयोजन के कार्य को यथाशीघ्र प्रारंभ करवाने के लिए वृहत आंदोलन डीसी आफिस के समक्ष किया जायेगा। आंदोलन की तिथी जल्द तय कर ली जायेगी। राय ने शहर में नाला आधारित विकास की योजना पर जोर दिया। उन्होंने कहा शहर की प्रुमख समस्या नालों की है। बरसात में नाले उफन कर घरों में पानी प्रवेश करता है। बड़े नालों और छोटे नालों का विकास अत्यंत आवश्यक है। आंदोलन कर इस मांग को पुरजोर ढंग से प्रशासन के समक्ष उठाया जायेगा। राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को टाटा कंपनी द्वारा आवंटित केडी फ्लैट के बाद सड़क को घेर कर बंद कर देने के विरोध में भाजमो नेता संजीव आचार्या द्वारा डीसी आफिस में ज्ञापन देने के बाद बन्ना गुप्ता समर्थकों द्वारा उनके साथ कदमा में दुर्व्यवहार किए जाने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। जनहित के मुद्दे पर पूर्ण समर्थन प्रदान करने की बात कही। आगामी 11 फरवरी को जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि है। साकची जेलचौक में अवस्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक में मनाई जायेगी। मौके पर भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, रामनारायण शर्मा, अजय सिन्हा, संजीव आचार्या,मनोज सिंह उज्जैन, कुलविंदर सिंह पन्नू, चंद्रशेखर राव, विकास गुप्ता, राजेश कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, आकाश शाह, मंजू सिंह, राजेश प्रसाद, शेषनाथ पाठक, विनोदराय, विजयनारायण, कैलाश झा, शंकर कर्मकार, चुनु भूमिज,जयप्रकाश सिंह, दुर्गा राव, विनोद यादव, राघवेन्द्र प्रताप सिंह,भरत पांडे, मनोरंजन सिन्हा, प्रेम सक्सेना, मानकेश्वर चौबे, विजय राव, समशाद खान, भागवत मुखर्जी, लाल बहादुर शास्त्री,सोमनाथ साव ,एस ऐन मिश्रा,रविंद्र ठाकुर,गौतम धर, राजन कुजूर,प्रदीप राय,कन्हैया पांडे,अमन सिंह शामिल रहे। संचालन मनोज सिंह उज्जैन व धन्यवाद ज्ञापन कैलाश झा के द्वारा किया गया।

# नकाबपोश अपराधियों ने टकलू लोहार को मारी गोली, इलाज के दौरान मौत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह साहू होटल के पास बाइक सवार चार नकाबपोश अपराधियों ने छायानगर निवासी टकलू लोहार को गोली मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। घटना के बाद अपराधी बर्निंग घाट की ओर फरार हो गया। मौके पर मौजुत साथियो ने गंभीर रूप से घायल टकलू को पीसीआर वाहन की मदद से इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर किया गया। घटना से संबंध में जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शी मानस ने बताया टकलू और अन्य साथियों के साथ कार बनवाने गया था। कार का पंचर बनाने के लिए जैक लगाने के दौरान बस स्टैंड की ओर से नकाबपोश दो बाइक पर सवार चार अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार होगया। मौके पर एक युवक ने उसपर भी फायरिंग कर दी। गोली उनके हाथ को छूते हुए निकल गई। बताया जा रहा है टीएमएच में इलाज के दौरान टकलू का मौत हो गाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वित्त मंत्री सीता रमण के अंतरिम बजट का भाजपा प्रवक्ता कुणाल ने किया स्वागत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गए अंतरिम बजट का भाजपा ने स्वागत किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने कहा- कि यह बजट प्रगतिशील और देश के विकास को समर्पित, बजट से नई उम्मीद और अवसर का होगा निर्माण। उन्होंने बजट को प्रगतिशील और संतुलित करार दिया। पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने कहा यह बजट विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करेगा। यह बजट दूरदर्शी सोच का परिचायक है, जिसमें वित्त मंत्री ने चुनाव से पूर्व बिना किसी लोक-लुभावने वादों के बजट पेश किया।

# अंतरिम बजट का भाजपा महानगर ने किया स्वागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**जमशेदपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। मोदी सरकार के कार्यकाल 2.0 और चुनाव से पहले पेश किये गये इस अंतरिम अंतिम बजट का भारतीय जनता पार्टी ने स्वागत किया है। भाजपा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने अंतरिम बजट को विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने की शुरूआत बताया है। उन्होंने कहा यह बजट सकारात्मक और स्वागत योग्य है। बजट में उच्च शिक्षा के लिए लोन की राशि बढ़ाई गई है। युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी। तीन नये रेलवे इकोनॉमिक कोरिडोर की शुरूआत होने से देश का अ[illegible]र्थिक विकास और तीव्र गति से होगा। महानगर प्रवक्ता प्रेम झा ने अंतरिम बजट को विकास की दिशा को स्पष्ट करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा 11 लाख करोड़ का निवेश सड़क, रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर पर किया जा रहा है। इससे बुनियादी विकास को काफी बढ़ावा मिलेगा। गुंजन यादव ने कहा अंतरिम बजट में महिला, किसान, गरीब, युवा और मध्यमवर्गीय सभी घटकों की ओर विशेष ध्यान दिया गया है। एक करोड़ परिवारों को सोलर सिस्टम देकर 300 यूनिट तक की बिजली मुफ़्त देने की संकल्पना की गई है। युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ ब्याजमुक्त निधि तैयार करने का निर्णय क्रांतिकारी और स्वागत योग्य है।

# स्वर्गीय योगेंद्र यादव की पहली पुण्यतिथि मनी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** कोल्हान यादव समन्वय समिति के द्वारा समाजसेवी स्वर्गीय योगेंद्र यादव का पहली पुण्यतिथि मनायी गयी। गुरुवार को शहर के एक होटल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके शिक्षा,स्वास्थ्य और समाज सेवा के विभिन्न कार्यों के लिए उनके चित्र पर पुष्प अर्पीटकर नमन किया गया। मौके पर यादव समन्वय समिति के अध्यक्ष अजित यादव ने उनके चले जाने से समाज के लिए अपूरणीय छती बताया। वही एसएन यादव ने उनके जीवन को समाज के अनुकरणीय बताया। उन्होंने बताया समाज मे ऐसे लोगो से सभी को सीखना चाहिए। कैसे एक साधारण व्यक्ति से समाज के लिए एक मिसाल बन गए उनके योगदान को समाज कभी भूल नही पायेगा। कार्यकर्म की अध्यक्षता बैजु यादव ने की। मौके पर राजद युवा सरायकेला अध्यक्ष उदित यादव, संगठन से संतोष यादव, शिवनाथ यादव, संतोष यादव, राजेश यादव, संदीप यादव, विवेक यादव, मोहक राय सहित अन्य उपस्थित रहे।।

# बेरोजगार युवाओं को एसआइएस देगा रोजगार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला के नवयुवकों के लिए सिक्यूरिटी एण्ड इन्टलिजेंस सर्विसेज लि0 द्वारा गढ़वा जिले के सभी थाना परिसर में बहाली कैंप लागाया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्रुप कमांडेंट रमेश कुमार जायसवाल ने बताया कि दो फरवरी को रमकांडा थाना परिसर में, 03 फरवरी को रंका थाना परिसर, 5 फरवरी को धुरकी थाना परिसर में, 6 फरवरी को खरौंधी थाना परिसर में, 07 फरवरी को केतार थाना परिसर, 08 फरवरी को भवनाथपुर थाना परिसर में, 09 फरवरी को कांडी थाना परिसर, 10 फरवरी को बिसुनपुरा थाना परिसर, 12 फरवरी को चीनिया थाना परिसर, 13 फरवरी को डंडई थाना परिसर, 14 फरवरी को बरडीहा थाना परिसर, 15 फरवरी को मेराल थाना परिसर, 16 फरवरी को रमना थाना परिसर, 17 फरवरी को मंझीआओ थाना परिसर, 19 फरवरी को नगर उंतारी थाना परिसर, 20 फरवरी को गढ़वा सदर थाना परिसर में कैंप लगाया जा रहा है। जिसमें जवानों का शारीरिक और लिखित परीक्षा के उपरांत उनका रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। तत्पश्चात चयनित जवानों का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को सेंट्रान ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में एक माह का प्रशिक्षण प्रदान दिया जायेगा। ट्रेनिंग सेंटर में आने के बाद उनका डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन किया जायेगा। तत्पश्चात एक माह की ट्रेनिंग होगी। जहां पर एक माह का भोजन रहना और कीट उपलब्ध करायी जायेगी। जिसमें पीटी, ड्रि्ल, ड्रील थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा भी0 आई0 पी0 सुरक्षा, प्राथमिक उपचार , फायर फाइटिंग, कम्प्यूटर, बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके एसआईएस लिमिटेड में 2200 कार्यस्थलों पर नौकरी उपलब्ध करायी जायेगी। कमांडेंट रमेश कुमार जायसवाल ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार, मैट्रिक पास, उम्र 21 वर्ष से 37 वर्ष तक ही होनी चाहिए। जिले के सभी बेरोजगार नवयुवको को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतू नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत सभी जवानों को एसआईएस इंडिया लि0 जो आईएसओ 9001-2008 मानक विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षण के उपरांत उम्मीदवारों को एसआईएस के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा।

कमांडेंट ने बताया कि राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता योग्यतानुसार, पीएफ सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, बोनस, गेच्यूटी, ईएसआई, ग्रुप इंश्यारेंस , मेडिकल आवास और मेस की सुविधा, प्रमोशन, दो योग्य बच्चों को आईपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता और खाने की सुविधा दी जाती है। उन्होंने जानकारी के लिए फोन नंबर भी उपलब्ध कराये, जिस नंबर 8219591494 पर संपर्क या www.ssciindia.com को देखा जा सकता है।

# बजट में विकसित भारत की नींव रखी गयी है: अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** केंद्र सरकार द्वारा पेश किये गये अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पलामू लोक सभा के सह संयोजक अलखनाथ पांडेय ने कहा है कि बजट में विकसित भारत की नींव रखी गयी है। बजट में देश के चार प्रमुख और मजबूत स्तंभ युवा, किसान, महिला और गरीब के लिए मोदी की गारंटी स्पष्ट दिख रही है। देश के दो करोड़ बेघर लोगों को पक्का मकान, एक करोड़ लोगों को मुफ्त बिजली यह गरीबों के प्रति मोदी सरकार का समर्पण झलक रहा है।



श्री पांडेय ने कहा कि बजट में गरीब का खास ख्याल रखा गया है। मुख्य रूप से बजट में सभी वर्गों का बराबर का ख्याल रखते हुए बेहतर बजट बनाया गया है।


झारखण्ड राज्य ग्रामीण पथ विकास प्राधिकरण (JSRRDA)
एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची –834004, झारखण्ड

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 272 /2023-24 दिनांक :- 01.02.2024

मुख्य अभियंता, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची द्वारा निम्नविवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JH-M-KOD-06 / 2023-24 | जयनगर | 1 आर०ई०ओ० पथ से चेहाल भाया चन्द्रपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 3.400 कि०मी०) | 1129.964 | ग्यारह करोड़ उनतीस लाख छियानवे हजार चार सौ रू० मात्र | 15 महीना |
| | | जयनगर | 2 चक से तमाई तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 4.150 कि०मी०) | | | |
| | | चन्द्रवारा | 3 महतो अहरा गझंरी रोड से भुण्डो पी०डब्ल्यू०डी० रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 3.000 कि०मी०) | | | |
| | | चन्द्रवारा | 4 नावाडीह फुटानी चौक से चन्दवारा आर०डब्ल्यू०डी० तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 2.600 कि०मी०) | | | |
| | | चन्द्रवारा | जोगीडीह से हरिनों तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 3.300 कि०मी०) | | | |
| | | चन्द्रवारा | पी०डब्ल्यू०डी० पथ बाराडीह मोड़ से बाराडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 1.000 कि०मी०) | | | |
| | | जयनगर | चन्दवारा से पहरीडीह (चैनेज – 5.40 कि०मी० से 6.70 कि०मी०) तक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं०– 1.300 कि०मी०) | | | |

2. वेबसाईट मे निविदा प्रकाशन की तिथिः–09.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 21.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–22.02.2024 .अपराह्न 5.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–मुख्य अभियंता का कार्यालय, जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची,एफ०एफ०पी० भवन, तृतीय तल्ला, धूर्वा, राँची–834004, झारखण्ड।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– ..........................

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

मुख्य अभियंता
जे०एस०आर०आर०डी०ए०, राँची

PR 317651 (Rural Work Department)23-24*D


# पिरामल फाउंडेशन ने ग्राम सभा का आयोजन किया

**10 से 25 फरवरी के बीच में सहिया के द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलायी जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत तमगेकला पंचायत सचिवालय भवन में पंचायत के मुखिया रिंकी देवी की अध्यक्षता में सोमवार को पिरामल फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) को लेकर एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा का उद्देश्य जीपीडीपी के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जीपीपीएफटी (ग्राम पंचायत योजना सुगमकर्ता टीम) फोरम बनाने पर था। जिसमें पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य सहिया स्वयं सहायता समूह, युवा और गांव के अन्य उल्लेखनीय व्यक्ति समेत 15 सदस्य फोरम मे जोड़े गये। इस फोरम को हर माह बैठक आयोजित करने पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के सदस्य दुर्गेश तिवारी ने कहा कि जीपीपीएफटी फोरम के गठन से जीपीडीपी के क्रियान्वयन में आसानी होगी। जिससे पंचायतों की महत्वपूर्ण समस्याओं को आपसी सहमति और समन्वय से हल किया जा सकेगा। यह फोरम पंचायत के बाल हितैषी, महिला हितैषी और बीमारी मुक्त बनाने में सहायक होगा, जो जीपीडीपी के चयनित विषय है।

बैठक के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के संकेतों में सुधार से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। जहिर अंसारी ने फाईलेरिया के संबंध में जागरूक किया और बताया कि पूरे जिले में 10 फरवरी से, 25 फरवरी के बीच में सहिया के द्वारा घर घर जाकर दवा खिलायी जायेगी। उन्होंने सभी सदस्यों से बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाकर फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में सक्रिय रूप से समर्थन और भाग लेने का आग्रह किया। इसके अलावा बैठक में जीरो ड्रॉप आउट पंचायत मिशन के तहत सभी पंचायतों में नियमित रूप से स्कूल, आंगनबाड़ी जाने वाले 6 माह से 14 वर्ष के बच्चों को शत प्रतिशत नामांकन कराने की प्रतिबद्धता दोहरायी गयी तथा जीरो ड्रॉप आउट पंचायत बनाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर पिरामल फाउंडेशन के सदस्य दुर्गेश तिवारी, जहिर अंसारी, मुखिया रिंकी देवी, पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, सहिया, सेविका सहित 35 की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# चलो गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरकेवीएस बीएड कॉलेज में भारत सरकार के चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत भाजपा गढ़वा ग्रामीण मंडल के प्रभारी अलखनाथ पांडेय के नेतृत्व में और भाजपा गढ़वा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अखिलेश तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित गढ़वा ग्रामीण की बैठक में उपस्थित सभी भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रदेश के द्वारा जो हम लोगों को टास्क दिया गया है लोकसभा चुनाव के तहत मिशन 400 सीट हम सभी को गांव के मतदाताओं के बीच जाकर सरकार की उपलब्धियों के बारे में चर्चा करना है। बैठक में भाजपा गढ़वा ग्रामीण मंडल के प्रभारी अलखनाथ पांडेय, भाजपा गढ़वा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, विनय, मनीष गुप्ता, भोला, कामेश्वर सिंह, दिनेश , नसीरूद्दीन सहित अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन में ठहराव भत्ता घटा कर भुगतान किये जाने पर जताया विरोध

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के पूर्व निर्धारित योजना के तहत आज गुरुवार को महासंघ के अध्यक्ष प्रो. विवेकानंद उपाध्याय तथा कार्यकारिणी सदस्य प्रो. परवेज आलम ने जिला मुख्यालय स्थित गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय का दौरा किया। इस क्रम में महासंघ के अध्यक्ष ने पिछले दिनों प्रतिनिधि मंडल की कुलपति और कुलसचिव के साथ हुई वार्ता का उल्लेख करते हुए बताया कि विवि के अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया है कि सिंडिकेट में संबद्ध डिग्री कॉलेजों को प्रतिनिधित्व देने समेंत सभी ग्यारह सूत्री मांगों पर कार्रवाई किया जायेगा। इस क्रम में महाविद्यालय के कर्मियों ने विवि द्वारा उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन की बकाया राशि भुगतान नहीं किए जाने का मामला उठाया तथा कहा कि विवि पिछले दिनों गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय, मेदनीनगर में आयोजित थर्ड सेमेस्टर के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन में ठहराव भट्ट 170 रुपये से घटाकर 130 रुपये निर्धारित कर भुगतान किया गया है जो पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। इस मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संजुक्ता सिंह, प्रो. अशोक पाठक, प्रो. सत्येंद्र नारायण राय, डॉ. शीशम साहू, प्रो. रंजीत कुमार, प्रो. अनीता तूफानी, डॉ. अरुण सिंह आदि मौजूद थे।

# यज्ञ से ही जीवों की उत्पत्ति होती है : शुखेण त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगन में आयोजित नव दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ के चौथे दिन कथा वाचक शुखेण त्रिपाठी ने कहा कि यज्ञ से ही विश्व का कल्याण होता है। यज्ञ से ही सभी जीवों की उत्पत्ति होती है। जब यज्ञ में आहुति दी जाती है तब धुंआ निकलता है। धुंआ से बादल बनता है और बादल से वर्षा होती है। फिर वर्षा से फसल की उत्पत्ति होती है। फिर सभी जीवों की उत्पत्ति होती है। भगवान की भी उत्पत्ति यज्ञ से ही हुई है यदि यज्ञ न हो तो मेरी भी और आपकी भी उत्पत्ति नहीं होगी। यज्ञ ऐसी चीज है जिससे समस्त प्राणियों का ही नहीं विश्व के सभी प्राणियों का कल्याण होता है। कृषि और ऋषि का बहुत प्राचीन संबंध है। हमारे ऋषि आते हैं जैसे हमारे स्वामी मधुसुदनाचार्यजी महाराज यहां आ करके पहले कृषि का कार्य कर गये। फिर यज्ञ के चारों तरफ जौ का रोपण किया गया और उससे यज्ञ हुआ। यज्ञ से हर वर्ण के लोग लाभान्वित होते हैं। सिर्फ ब्राह्मणों का ही यज्ञ नहीं है बल्कि यज्ञ में हर वर्ण के लोग जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र चारों वर्णों का इसमें रोजगार लगता है। इस यज्ञ के द्वारा भी जीव मात्र का कल्याण होता है। उसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई नहीं देखा जाता है। हमारा जो सनातन धर्म है वो कहता है, 'सर्वे भवंतु सुखीन, सर्वे संतु निर्माया'।

**परिक्रमा करने को लेकर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़:** सगमा में हो रहे नव दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ के चौथे दिन परिक्रमा करने और प्रवचन सुनने को लेकर महिला पुरुष और युक्तियों की भीड़ उमड़ रही है। यज्ञ परिसर में सुबह 8 बजे से 1 बजे तक पूजा हवन दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक प्रवचन और शाम 8 बजे से 1 बजे तक रासलीला का कार्यक्रम दिखाया जा रहा है।

# अप्रोच सड़क में घोर लापरवाही और भारी अनियमितता बरती जा रही : अभिमन्यु सिंह

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भंडरिया गांव स्थित भीम बराज के समीप गुरुवार को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि भीम बराज से अप्रोच सड़क निकली है, जिसमें संवेदक द्वारा घोर लापरवाही और भारी अनियमितता बरती जा रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि उक्त सड़क से मझिआंव, कांडी, बरडीहा और भवनाथपुर के लोगों का आवागमन हैं इसके अलावें पलामू जिले के लिए भी इसी सड़क से आवागमन होता है। मोरम के बदले मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि चिरकुटही से मोरम के बदले मिट्टी ला कर सड़क निर्माण कार्य में उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से भी आग्रह किया है कि जांच कर अच्छी सड़क बनवायें। मौके पर, अंजनी सिंह, मुन्ना ठाकुर, धनंजय सिंह, पप्पू मेहता, नंदू चौधरी, मुखलाल चौधरी सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।


e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi), Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

Short Term e-Procurement Notice
Date – 01-02-2024

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/ 07/ 2023-24 | Renovation of Residential Office, Police Barrack, Servant Quarter, Garrage, Sanri Post, Boundary Wall, Approach Road, Shed and other Miscellaneous Work in Hon'ble Judge Bunglow No.-3 (Old) at Rajendra Chowk, Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 7576350.00 | Three Month |
| 2 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/ 08/ 2023-24 | Construction of Divisional Samyukta Sahakarita Bhawan at Ranchi | 23284315.00 | Twelve Month |
| 3 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/ 09/ 2023-24 | Renovation Work of Sameti Bhawan (Second Floor & Third Floor) at Kanke Road, Ranchi | 5619800.00 | Four Month |
| 4 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/ 10/ 2023-24 | Strengthening Work of ETC Building Hehal Ranchi | 7631000.00 | Six Month |
| 5 | Date of Publication of Tender of Website | | 08-02-2024 at 3.00 PM | |
| 6 | Start Date of Submission of Bids | | 08-02-2024 at 3.30 PM | |
| 7 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 16-02-2024 at 02.00 PM | |
| 8 | Date/Time of Opening of Bid | | 17-02-2024 at 03.00 PM | |
| 9 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 10 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |
| 11 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 317648 Building(23-24)#D


# 26वें अपर समाहर्ता के रूप में मतियस विजय टोप्पो ने पदभार ग्रहण किया

**उपायुक्त की अध्यक्षता में विदाई कार्यक्रम का आयोजन**

**निवर्तमान अपर समाहर्ता और निदेशक डीआरडीए को दी गयी विदाई**

**निवर्तमान अपर समाहर्ता श्री सिंह का पदोन्नति करते हुए संयुक्त सचिव, वित्त विभाग झारखंड में पदस्थापित किया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में विदाई समारोह का आयोजन समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में किया गया। जिसमें निवर्तमान अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह और कार्यपालक दंडाधिकारी -सह- निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन को ससम्मान विदाई दी गयी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। साथ ही गढ़वा के नए अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो का 26वें अपर समाहर्ता के रूप में स्वागत भी किया गया। विदाई समारोह के दौरान उपायुक्त जमुआर द्वारा उक्त दोनों पदाधिकारियों के विदाई की वेला में उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी और कहा कि उक्त दोनों सीनियर पदाधिकारी द्वारा जिले के जटिल से जटिल समस्याओं का निराकरण सूझबूझ और सहजता से सरलता पूर्वक करके गढ़वा जिले का मान-सम्मान बढ़ाने का कार्य किया गया है। अपने विदाई समारोह के दौरान निवर्तमान अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह ने अपने अनुभव लोगों के समक्ष साझा करते हुए बताया कि गढ़वा जिले से उनका पुराना संबंध रहा है। वे इस जिले में पूर्व में भी अंचल अधिकारी के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। पुनः अपर समाहर्ता गढ़वा के रूप में भी उन्हें सेवा देने का मौका मिला। विदित हो कि निवर्तमान अपर समाहर्ता श्री सिंह का पदोन्नति करते हुए संयुक्त सचिव, वित्त विभाग झारखंड में पदस्थापित किया गया है। मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय द्वारा विदाई वेला के दौरान कहा गया कि दोनों पदाधिकारी द्वारा जिला प्रशासन के विभिन्न कार्यों को करने में बहुत सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने आगे भी ऐसे ही कर्मठ और अनुभवी टीम के द्वारा कार्य करने की इच्छा जतायी। उन्होंने दोनों पदाधिकारियों को अपने शेष सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान गढ़वा जिले में नव पदस्थापित अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो का भी स्वागत किया गया।

विदाई वेला के इस कार्यक्रम के दौरान उक्त पदाधिकारी के अतिरिक्त जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता समेत जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी और विभिन्न विभागों के कर्मीगण उपस्थित थें।


Office of District Superintendent of Education, Hazaribag
Very Short Term Tender Notice
Letter No-301, Hazaribag, Date-01.02.2024

The undersigned, on behalf of the Government of Jharkhand, invites Percentage rate bids for the work mentioned in table below from eligible and approved Contractors, registered in appropriate class with Government of Jharkhand. The bid shall be submitted in the office of District Superintendent of Education, Hazaribag.

| Sl. No | Particulars | Details: Estimated Cost (in rupees) GROUP NO. | NAME OF BLOCK | NO. of school | EST. COST | EMD IN RS. | Cost of BOQ | TIME OF COMPLETION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing and Strengthening of School Kichen-cum-Store | 1 | SADAR | 39 | 2619363.00 | | | |
| | | | DARU | 25 | 1920280.00 | | | 1 MONTH |
| | | | | | 4539643.00 | 91000.00 | 5000.00 | |
| | | 2 | BARKATHA | 15 | 750711.00 | | | |
| | | | CHALKUSHA | 11 | 658267.00 | | | |
| | | | KATKAMDAG | 11 | 632196.00 | | | |
| | | | KATKAMSANDI | 11 | 571761.00 | | | |
| | | | | | 2612935.00 | 53000.00 | 5000.00 | |
| | | 3 | BARKAGOAN | 28 | 2222680.00 | | | |
| | | | KEREDARI | 24 | 1945362.00 | | | 1 MONTH |
| | | | | | 4168042.00 | 84000.00 | 5000.00 | |
| | | 4 | CHURCHU | 37 | 2748491.00 | | | |
| | | | DARI | 12 | 912017.00 | | | 1 MONTH |
| | | | ICHAK | 22 | 1295555.00 | | | |
| | | | | | 4956063.00 | 100000.00 | 5000.00 | |
| | | | | | | | | |
| | | 5 | BISHNUGARH | 44 | 3314428.00 | | | |
| | | | PADMA | 16 | 1014912.00 | | | |
| | | | | | 4329340.00 | 87000.00 | 5000.00 | |
| | | | | | | | | 1 MONTH |
| | | 6 | CHOUPARAN | 20 | 698070.00 | | | |
| | | | BARHI | 21 | 948419.00 | | | 1 MONTH |
| | | | TATIJHARIYA | 39 | 2734014.00 | | | |
| | | | | | 4380503.00 | 88000.00 | 5000.00 | |
| | | | | | **24986526.00** | | | |
| 2 | Date of Tender | Date:- 01.02.2024 | | | | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | Date:- 10.02.2024 upto 04.00 PM | | | | | | |
| 4 | Last date submission cost of EMD ( in hard copy) | Date:- 10.02.2024 upto 05.00 PM in the office of the District Superintendent of Education, Hazaribag | | | | | | |
| 5 | Date of opening tender | Date:- 12.02.2024 at 03.00 PM | | | | | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | District Superintendent of Education, Hazaribag | | | | | | |
| 7 | Name and address of tender opening officer | District Superintendent of Education, Hazaribag | | | | | | |
| 8 | Name of the office where tender will submit | District Superintendent of Education, Hazaribag | | | | | | |

Further information, like term & Condition on https://hazaribag.nic.in or Notice-board of District Superintendent of Education office, Hazaribagh.

District Superintendent of Education,
Hazaribagh

PR 317640 School Education and Literacy(23-24)D

# सरकार गठन करने के दावे पर जल्द निर्णय लें राज्यपाल: अयुब खान

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन के नये नेता चंपई सोरेन द्वारा सरकार गठन करने के लिए राज्यपाल के समक्ष बहुमत के समर्थन पत्र पेश किए दावे पर राज्यपाल द्वारा त्वरित निर्णय नहीं लिए जाने से उत्पन्न राजनीतिक संकट पर चिंता व्यक्त की गयी। उन्होंने कहा है कि उपरोक्त सरकार के गठन पर राज्यपाल वस्तुतः भाजपा की राजनीति से प्रेरित होकर काम कर रहे हैं। इस कारण निर्णय लेने में जानबूझ कर विलंब कर रहे हैं। इस अनिर्णय की स्थिति से राज्य में अराजकता का माहौल बन रहा है, साथ ही इससे हॉर्स ट्रेडिंग को बढ़ावा और अंततः राज्य की जनता का जनादेश के उल्लंघन का अलोकतांत्रिक खतरा पैदा हो रहा है। माकपा ने राज्यपाल से उपरोक्त दावे पर यथाशीघ्र निर्णय लेने और राज्य में तुरंत सरकार गठन कर जनता के जनादेश का सम्मान करने की मांग करती है। माकपा की यह भी समझ है कि ईडी का दुरुपयोग कर निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी भाजपा द्वारा देश की संघीय व्यवस्था और लोकतंत्र पर हमला है और अब राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिती में राज्यपाल की शक्तियां का दुरुपयोग से नए हमले की आशंका बढ़ गयी है।

# आत्मनिर्भरता को बल देने वाले बजट से विकास को मिलेगी गति : सुदर्शन भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सुदर्शन भगत ने बजट पर अपनी राय देते हुए कहा कि स्टार्टअप्स को छूट और रियायतें बढ़ाई गयी। सॉवरेन वेल्थ फंड्स और स्टार्टअप्स के लिए कर रियायतों का विस्तार मार्च 2025 तक किया गया। यह बहुत बड़ा कदम है। करदाताओं की सेवा प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस लेने से 1 करोड़ लोगों को लाभ होगा। रेल की सुविधा और भी उत्तम हो इसके लिए 40,000 सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत मानकों के अनुरूप बदला का निर्णय, निजी क्षेत्र को अनुसंधान एवं विकास, मुफ्त बिजली रूफटॉप सोलराइजेशन के माध्यम से, 1 करोड़ परिवार हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त करने में सक्षम होंगे। गरीब, महिला, अन्नदाता और युवा फोकस समूह होंगे। मोदी 2047 तक भारत को एक विकासशील भारत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन से भोजन की चिंता दूर हो गयी है। पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा 25 करोड़ भारतीयों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकाला गया।

अन्नदाता (किसानों) के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य समय-समय पर बढ़ाया गय11.8 करोड़ किसानों को सीधी वित्तीय सहायता दी गयी। हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक मॉडल है। उच्च शिक्षा में महिला नामांकन 10 वर्षों में 28 प्रतिशत बढ़ गया है। पीएम स्वनिधि ने स्ट्रीट वेंडरों को ऋण सहायता प्रदान की है। पीएम जनमन योजना विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों तक पहुंचती पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करती है। दिव्यांगों और ट्रांसजेंडर लोगों के सशक्तिकरण की योजना किसी को भी पीछे न छोड़ने के हमारे संकल्प को दशार्ती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 परिवर्तनकारी सुधारों की शुरूआत कर रही है।

आयुष्मान भारत योजना का कवर सभी आशा, सम्पदा योजना का विस्तार कोविड के कारण चुनौतियों के बावजूद, पीएम आवास योजना ग्रामीण का कार्यान्वयन जारी रहा और हम 3 करोड़ घरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के करीब हैं। अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ और घर बनाए जायेंगे। महामारी के कारण भोजन, उर्वरक, ईंधन और वित्त का संकट पैदा हो गया है। जबकि भारत ने सफलतापूर्वक अपना रास्ता दिखाया और दुनिया को आगे का रास्ता दिखाया।

हमारी सरकार आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों के तेजी से विकास में राज्यों की सहायता करने के लिए तैयार है। सरकार पूर्वी क्षेत्र और उसके लोगों को भारत के विकास का एक शक्तिशाली चालक बनाने पर अत्यधिक ध्यान देगी।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का अंतरिम बजट है ऐतिहासिक : चंद्रशेखर अग्रवाल

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सांसद सुदर्शन भगत के लोहरदगा प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल ने बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश किया जो ऐतिहासिक बजट है । पिछले 10 वर्षों में कर संग्रह दुगना हुआ। जिससे भारतआत्मनिर्भर होने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ा है। गरीब का कल्याण अर्थात देश का कल्याण। किराए के मकान झुग्गी झोपड़ियां चालू अनाधिकृत रहने वालों की मदद के लिए एक योजना शुरू की जायेगी। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर पर बदलाव नहीं। अगले 5 वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त आवास बनेंगे। रक्षा बजट के लिए 6.2 लाख करोड़ रूपया का आवंटन किया गया है जिससे भारत की रक्षा सुदृढ़ होगी। 3000 नये आईटीआई बने ।साथ में आईआईटी का निर्माण हुआ,साथ में आईआईएम बने। अतिरिक्त 15 नए एम्स का निर्माण रिकॉर्ड समय में। शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 फीसदी बड़ा । 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त राशन पहुंचाया गया। तीन प्रमुख रेल कॉरिडोर बनेंगे। मध्यम वर्ग के लिए आवास योजना शुरू होगी। लखपति दीदी का लक्ष्य 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया। आंगनवाड़ी कार्यक्रम में तेजी लाया जायेगा सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन को प्रोत्साहन, अगले 5 साल में 2 करोड़ अतिरिक्त आवास। लक्ष्यद्वीप सहित बंदरगाह कनेक्टिविटी बढाई जाएगी। उड़ान योजना के तहत 517 नए रूट लॉन्च होंगे। 1000 नए विमान की खरीद करेंगी विमानन कंपनियां। लक्ष्य 2047 तक प्रकृति, आधुनिक अवसरचना, सभी के लिए समान अवसर, बनायेंगे समृद्ध एवं विकसित भारत।

## जैसी करनी, वैसी भरनी : विश्वनाथ उरांव

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव विश्वनाथ उरांव ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी पर सत्तापक्ष के लोग हाय तौबा मचा रहे हैं। किंतु कहावत है कि 'जैसी करनी वैसी भरनी' आज झारखण्ड कलंकित हुआ है। पुरे देश दुनिया में राज्य के मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार के मामले को जानने के बाद झारखंड का सिर शर्म से झुक गया है। लूट ,झुठ और भ्रष्टाचार के एजेंडे पर काम करने के लिए बालू बेचे, खनिज पदार्थ बेचा, जंगल उत्पाद बेचे। जल जगंल जमीन पर से जनता का अधिकार लूट कर अपने और अपने परिवार के लोगों को स्थापित करना चाहते थे। युवाओं को रोजगार के मामले पर ठगा गया ।1932 का खतियान, पिछड़ा वर्ग को आरक्षण, आदिवासियों का सरना धर्म कोड, प्रति वर्ष 5 लाख युवाओं को रोजगार, शिक्षित बेरोजगार को बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं के लिए चुल्हा भत्ता के नाम पर जनता को ठगा गया। झारखंड के सर पर लगे कलंक को मिटाने के लिए राष्ट्रपति शासन लगना चाहिए।

# खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग: नेसार अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के ग्राम जूरिया में ब्लू स्टार क्लब जूरिया के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद शामिल हुए। जिन्होंने फाइनल मैच में पहुंचे भस्को एवं करम टोली की टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किये, तत्पश्चात खेल का शुभारंभ किया गया। इस टूनार्मेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया फाइनल मैच में भस्को की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करते हुए निर्धारित 10 ओवर में करम टोली की टीम को 36 रनों के स्कोर पर समेट दिया वही भस्को की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 ओवर में ही मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब भस्को टीम के बबलू उंराव को एवं मैन ऑफ द सीरीज मनोज उरांव को दिया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नेसार अहमद ने मौके पर उपस्थित दोनों टीम के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं जिस तरह इस क्षेत्र में फुटबॉल का काफी प्रचलन है उसी तरह अब ग्रामीण स्तर पर युवा क्रिकेट खेल में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं और क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन भी ग्रामीण स्तर लोग कर रहे हैं जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत है महेंद्र सिंह धोनी युवाओं के आदर्श है जिन्होंने रांची जैसे शहर से निकलकर भारतीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व किया और कई कृतिमान स्थापित किये गुमला जिला के रॉबिन मिंज प्रतिष्ठित आईपीएल टूनार्मेंट में जगह बनाया है जो हम सभी के लिए गर्व की बात है युवा ऐसे क्रिकेटरों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े। अंत में विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य रूप से ब्लू स्टार क्लब जूरिया के अध्यक्ष मनोज उरांव, तारीक अनवर, अरविंद उरांव महेश्वर उरांव आकाश बाखला, मनीष बाखला, सोनू उराव शिव शंकर उरांव दीपेश उरांव रामेश उरांव समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# घटिया सड़क बनाये जाने का ग्रामीणों ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के चुंगरु मे सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमिता से सड़क निर्माण के साथ ही बनाई जा सड़क बदहाली की आँसू रो रहा है एक तरह से कहे तो खराब होने लगी। जिससे सरकार द्वारा सड़क निर्माण के नाम पर खर्च किये जा रहे करोड़ों रुपए बंदरबाट हो रहे हैं। इसी तरह प्रखंड में बन रहे अधिकांश सड़कों का हाल बेहाल है। जानकारी के अनुसार प्रखंड के अतिसुदूर क्षेत्र चुंगरू पंचायत में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लाभर पुलिस विकेट से चुंगरू नावाडीह होते हुई अम्वाटीकर तक कालीकारण सड़क निर्माण कार्य जा रहा। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही। एक पखवाड़े पूर्व 16 जनवरी को घटिया सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया था। मामले की ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त समेत संबंधित अधिकारियों से शिकायत किया था। लेकिन संवेदक द्वारा इस पर किसी तरह के सुधार नहीं किये जाने के बाद गुरुवार को चुगुरू पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचकर दूसरी बार निर्माण करा रहे संवेदक के समक्ष जमकर विरोध किया। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क बनने के साथ दूसरी ओर से बनाई जा रही सड़क ध्वस्त हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि काफी प्रयास के बाद गांव के विकास हेतु पीएमजीएसवाइ से सड़क निर्माण हो रहा है। ऐसे में निम्नस्तर का सड़क बनाये जाने ग्रामीणों का इस रोड से कोई लाभ होने वाला नहीं है। मौके पर मनिका क्षेत्र के जिप सदस्य बलवंत सिंह से भी ग्रामीणों ने निम्नस्तर सड़क निर्माण कार्य पर उचित कार्रवाई की मांग किया। संबंधित कंस्ट्रक्शन के संवेदक ने भी सड़क निर्माण में सुधार का आश्वासन दिया। मौके पर चुंगरु पंचायत के ग्राम प्रधान कन्हैया सिंह, संजय प्रसाद, अजय प्रसाद, अशोक सिंह, चंद्रदेव उरांव, जितनी देवी, शमशेर सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

## बच्चों के बीच चलाया गया बाल श्रम और बाल यौन हिंसा जागरूकता अभियान



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** सत्यार्थी संस्था के माध्यम से बाल संरक्षण के तहत नाबालिकों के साथ होने वाले हिंसक अपराध को रोकने और उसके प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से वैदिक सोसाइटी संस्था के द्वारा गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के साथ-साथ कई अन्य सरकारी और निजी विद्यालयों में जाकर स्कूली बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान संस्था से जुड़े जिला काउंसलर आरती तिवारी और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रूबी कुमारी के द्वारा स्कूली बच्चों को बाल श्रम , बाल तस्करी ,बाल यौन हिंसा , जैसे जघन्य अपराधों की जानकारी देने के साथ उन अपराधों को लेकर सरकार के द्वारा बनाए गए कठोर कानून के प्रति भी जानकारियां दी गई। जिला काउंसलर डॉ आरती तिवारी के द्वारा स्कूली बच्चों और सभी स्कूल के शिक्षा कर्मियों को भी बाल श्रम बाल हिंसा और बाल यौन हिंसा जैसे अपराध को रोकने और जागरूकता की शपथ दिलाई । इस दौरान मौके पर स्कूल के निदेशक डॉ पवन गुप्ता प्रिंसपल स्वाधीन पॉल , राजेश कुमार झा अर्चना कुमारी दस्तगीर आलम ,फातिमा परवीन ,अमृत कुमार, संतोष प्रसाद ,रानी कुमारी, रूपा कुमारी ,सोनी कुमारी ,नगमा फिरोज अहमद , समेत काफी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे ।

# खेल को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनायें : अभिषेक



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा ।** आजसू पार्टी नगर कमिटी के प्रधान सचिव कुमार अभिषेक (सूर्या सिन्हा) द्वारा लोहरदगा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 में बॉलीबॉल, नेट( किट) सहित खेल सामग्रियों का वितरण किया गया। इस मौके पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों से कहा कि खेल को अपने जीवन शैली का हिस्सा बनाये। इससे आपका शारीरिक विकास तो होगा और खेल के माध्यम से आप आगे भी बढ़ेंगे और जिले और राज्य का नाम भी रौशन कर पायेंगे। कार्यक्रम में उनके साथ आजसू नगर उपाध्यक्ष आयुश गोयल, उपाध्यक्ष प्रदीप नायक, उपाध्यक्ष हर्षित अग्रवाल, सनी अग्रवाल, संदीप मेजर, शिव श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# बीजेपी से लड़ने को तैयार हैं महिला और बहनें: अलका लांबा

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस महासम्मेलन राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में महिला अध्यक्ष सीमा परवीन की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा जी उपस्थित हुई एवं महिला कांग्रेस के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अलका लांबा का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा की कांग्रेस पार्टी राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, कानूनी और संविधान द्वारा महिलाओं को दिए गए बराबरी के अधिकारों को पंक्ति में खड़ी अंतिम महिला तक पहुंचाने का काम कर रही है और उन्हें उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें सशक्त करने का काम कर रही है। देश की बेटियों के आंसुओं के बीच भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने मुझे नई जिम्मेदारी सौंपी है और मुझे पूरा एहसास है और मैं विश्वास दिलाती हूं कि महिला कांग्रेस देश में अन्याय, शोषण, हिंसा, अत्याचार का सामना कर रही देश के बेटियों बहनों की आवाज बनकर न्याय मिलने तक लड़ेगी। आज लोहरदगा जिले के तमाम महिला बहनों को भरोसा दिलाना चाहती हूं की आप राहुल गांधी जी का साथ दीजिए।

आज राहुल गांधी अन्याय, भ्रष्टाचार, गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी और देश की तानाशाही व्यवस्था के खिलाफ भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं। महिला प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा की केंद्र कि बीजेपी सरकार में महिलाएं असुरक्षित हैं। मणिपुर प्रदेश में महिलाओं को नंगा परेड कराया गया। हमारे झारखंड प्रदेश में भी सुनियोजित तरीके से बीजेपी सरकार ने केंद्रीय एजेंसी ईडी का दुरुपयोग कर राज्य सरकार को परेशान करने का काम किया है। मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव प्रतिभा रघुवंशी, प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, प्रदेश महासचिव पुनीता चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष सीमा परवीन, गुमला जिला अध्यक्ष अमृता भगत, जिप सदस्य रूबी कुमारी, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, सरिता देवी, बबिता देवी, सुशीला देवी, किस्मती देवी, पुनीता देवी, अमृता देवी, प्यारी देवी, सरिता खलखो,आरती देवी,मुनि देवी, सहजादी खातून, नूरी खातून, चंदरमुनी देवी, अमीना खातून, बेबी तबासुम, बहमनिया देवी, पचोला देवी, सुनीता देवी, लीला देवी आदि मौजूद थे।

## पीट कार्यालय में 'हथकरघा बुनाई और एप्लिक प्रशिक्षण कार्यक्रम' शुरू



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** मगध-संघमित्रा क्षेत्र, सीसीएल के सीएसआर के तहत मगध परियोजना के अन्तर्गत आरा में स्तिथ पीट कार्यालय में 'हथकरघा बुनाई और एप्लिक प्रशिक्षण का कार्यक्रम' शुरू किया गया, जिसका उद्घाटन सीसीएल के निदेशक(कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्रा ने ऑनलाइन किया। इस अवसर पर हर्ष नाथ मिश्रा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए मगध परियोजना के प्रबंधन को बधाई देते हुए समारोहपूर्वक सभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि हथकरघा मशीन का उपयोग सूती साड़ी और कपड़े बनाने के लिए किया जाता है, और क्योंकि महिलाएं मुख्य रूप से हथकरघा बुनाई में शामिल होती हैं, इस शिल्प को बढ़ावा देने से सीधे महिलाओं के रोजगार का लाभ होगा। यह महिलाओं को तौलिया, बेडशीट, साड़ी आदि बनाने के लिए सूती धागा बुनने का प्रशिक्षण देगा। इससे ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के लिए रोजगार पैदा होगा। उद्घाटन समारोह में उपस्थित महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ ने सभी के साथ संक्षिप्त बातचीत करते हुए सभी का स्वागत किया और उनकी सफल भागीदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं से गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और सरकारी कार्यक्रमों का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम के तहत मगध संघमित्रा ने झारक्राफ्ट को प्रशिक्षण के साथ एमओयू किया है।

# प्रणव नमन आउटसोर्सिंग कंपनी पर लगाये गये आरोप बेबुनियाद: निरंजन

आजाद सिपाही संवाददाता


**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंडारकोम निवासी लिफ्टर निरंजन यादव ने राजहारा एरिया अंतर्गत बालूमाथ स्थित सीसीएल की तेतरियाखांड़ परियोजना मे कार्यरत प्रणव नमन आउटसोर्सिंग प्राईवेट कम्पनी के सबंध मे बालूमाथ के पप्पू सिन्हा, संजीत साहु और संजय यादव के द्वारा ट्रांसपोर्पोटिंग मे लगे ट्रको के भाड़ा भुगतान नहीं करने की लगाए गए हर तरह के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। सच कहा जाए, तो ये आरोप बेबुनियाद भी हैं । निरंजन यादव ने लिखितरूप से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह भी कहा है कि कंपनी के द्वारा कुल 27 सौ ट्रकों के एडवांस के रूप में 1 करोड़ 37 लाख 20 हजार 8 सौ रुपये का भुगतान किया गया है जबकि कोयले की ढुलाई के लिए ट्रक को डीजल भरवाने के लिए 84 लाख 85 हजार 2 सौ रुपये के डीजल सभी ट्रक मालिको दिया गया।वही ट्रक भाड़ा के रूप में स्टेट बैंक बालूमाथ से सभी ट्रक मालिको के अलग अलग खाते में 15 लाख 79 हजार 8 सौ रुपये ट्रांफर कर भुगतान किया गया है उक्त राशि 13 अक्टूबर 2023 से लेकर 29 दिसम्बर 2023 तक एडवांस तथा डीजल के रूप में भुगतान किया जा चुका है। जबकि भाड़ा के भुगतान स्टेट बैंक से 25 जनवरी से लेकर 31 जनवरी 2024 तक सारा भुगतान पूरा कर दिया गया है।इसके बावजूद कुछ लोग अपने स्वार्थ शिद्ध करने के उद्देश्य से कंपनी को बदनाम करने के लिए उपरोक्त लोग षड्यंत्र किया जारहा है लगाए गए आरोप बेबुनियाद है। कंपनी का ट्रांसपोटिंग का काम अभी वर्तमान किया जारहा है उसे षड्यंत्र रचकर उसे हथियाने का का प्रयाश में लगे है अगर वासे लोग अपने हरकतों से बाज नही आते है तथा कंपनी को बदनाम करने के आरोप को शिद्ध नही करते है तो वैसे लोगो के विरुद्ध मानहानि के केश दर्ज करवाई जायेगी। निरंजन यादव ने ट्रक मालिको के खाते के ट्रांसफर किये राशि की स्टेटमेंट सारा कागजात निकालकर भुगतान किए गए राशि का साक्ष्य प्रस्तुत किया है। उक्त कोयला तेतरियाखाड़ कोलियरी से बालूमाथ रेलवे साइडिंग में गिराया जाता है। भाड़ा का भुगतान नही करने का आरोप बेबुनियाद है यह सत्य से परे है।

## केंद्र सरकार का बजट सत्र 2024 - 25 के लिए शानदार

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भाजपा, नगर मंडल अध्यक्ष अमरेश भारती ने बयान जारी कर कहा कि भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार का बजट सत्र 2024 - 25 के लिए शानदार बजट रहा। जिसमें गरीब, किसान या कहा जाए तो सबों के कल्याण हेतु लाया गया बजट है। बजट में पिछले टैक्स नीति को रखते हुए लोगों को राहत दिया गया है। झारखंड राज्य की विषम परिस्थिति के बावजूद केंद्र ने पूरे देश का चतुर्दिक विकास दिन दूना रात चौगुना हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रसंशा करते हुए बधाई दिया है ।

# राज्य में राजनीतिक सरगर्मी के कारण पुलिस प्रशासन मुस्तैद

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** राज्य में उत्पन्न राजनीतिक अस्थिरता को देखते हुए व आदिवासी संगठनों के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ आहुत झारखंड बंद के कारण प्रखंड व पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही। सायरन बजाती हुई पुलिस वाहन प्रखंड क्षेत्र से लेकर संवेदनशील स्थानों पर भ्रमण कर रही थी तो दुसरी तरफ बीडीओ, सीओ तथा थाना प्रभारी से लेकर दंडाधिकारी व पुलिस जवान सड़कों पर पैदल पैदल मार्च कर रहे थे। लोहरदगा गुमला मार्ग में पुलिस जवान दंडाधिकारी के साथ गश्ती करते नजर आये तथा जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रखंड प्रशासन हाई अलर्ट मोड पर रही। सुबह से ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर सुबह दस बजे से पुलिस बल दंडाधिकारी के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हैं। इसके अलावा क्षेत्र के गति विधि पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अभिनव कुमार नजरें रखे हुए थे। राज्य में उत्पन्न राजनीतिक उथलपुथल से निपटने के लिए प्रखंड प्रशासन अलर्ट पर है। मौके पर जेई सह दंडाधिकारी मनु कुमारी, एएसआइ अलबीना लकड़ा दल बल के साथ मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 02 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# पेड़ में टक्कर से तीन घायल, दो रिम्स रेफर




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के भुसरी टोली निवासी तीन युवकों से लदी बाइक एक ही बाइक बंगरू के समीप अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। जिससे तीनों बुरी तरह घायल हो गये। इन में से दो को चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया।

बताया जा रहा है कि ये तीनों युवक बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत लोईंगा गांव मेहमान गए थे। वही वापसी के क्रम में बंगरू के समीप अनियंत्रित होकर एक पेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना बुधवार की रात 8:00 बजे की है। घटना में पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत भुसरी टोली निवासी 25 वर्षीय कष्टु सिंह, 21 वर्षीय अशोक सिंह और 28 वर्षीय शंकर सिंह घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को रेफरल अस्पताल बसिया ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर तीनों घायलों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वही तीनों घायलों को सदर अस्पताल में इलाज किया गया। इलाज के उपरांत डॉक्टर ने शंकर सिंह व कष्टु सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को रिम्स रेफर कर दिया। कष्टु एक हाथ व पैर टूट गया है। वही अशोक सिंह का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# आदिवासियों की उत्पत्ति का इतिहास सिरासीता नाले से जुड़ा है : चैतू उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के डुमरी प्रखंड स्थित सिरासीता में वार्षिक तीर्थ यात्रा सरना समाज के द्वारा संपन्न किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष चैतु उरांव सिरासिता धार्मिक स्थल पहुंच कर पुरे आदिवासी विधी विधान पुजा अर्चना कर पुरे आदिवासी समुदाय के लिए सुख, समृद्धि, अच्छे जिवन व्यक्तित करने की कामना की। चैतु उरांव ने सरना धर्मलंबियो को संबोधन में कहा कि महाप्रलय के पश्चात आदिवासी समुदाय की उत्पति की कथा झारखण्ड प्रांत के गुमला जिलान्तर्गत डुमरी प्रखंड के आकाशी ग्राम अवस्थित सिरासीता नाले से जुड़ी हुई है। सिरासिता नाले को ककड़ोलता के नाम से भी हम सभी जानते है। हम सभी इस पवित्र स्थल पर पूजा करके जो भी मांगते हैं, वो पूरा होता है और बहुत लोग लाभान्वित हुए हैं। हम आदिवासी प्रत्येक साल माघ महीने के बढ़ती चांद वाले दिन में यहां आते है। बढ़ती चांद को आदिवासियों में शुभ दिन माना जाता है।



हम सभी लोगों को जीवन में अपने रीति रिवाज, परंपरा और धार्मिक आस्था को व्यक्त करने के लिए सिरासिता नाले के तीर्थ दर्शन यात्रा पर आना चाहिए।

चैतु उरांव ने कहा कि सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा से विचार विमर्श कर सिरा सीता को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी और दर्शनार्थियों के सुविधा के लिए शौचालय, स्नान के लिए स्नानागार, लोगों के ठहरने के लिए आश्रय गृह आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर आने वाले समय में सिरासिता के विकास के लिए एक ठोस रणनीति बनाई जायेगी उसके बाद आदिवासी सरना समाज को एक सूत्र में बांधकर सामाजिक विकास के लिए एक ठोस कार्य करने की आवश्यकता है। मौके पर राजीव पहड़ा समिति के सदस्यगण और काफी संख्या में सरना धर्मलंबी उपस्थित थे।

# गोवा जाने के क्रम में मजदूर हुआ गायब



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के खोरा पंचायत अंतर्गत धोधरा गांव का मजदुर मंगलदीप उरांव गोवा जाने के क्रम में अचानक गायब हो गया। मजदुर की उम्र लगभग 38 साल बताई जा रही है। बीते 5 दिसंबर 2023 को वह गोवा मजदुरी करने जाने के लिए निकला। इसी दौरान रास्ते में वह अचानक लापता हो गया। पत्नी रुप?ईन उरांव पुरे मामले को लेकर गुमला पहुंची और मजदूर संघ सीएफ टी यु आई प्रदेश सचिव महिला विंग सुनिता कुमारी को लिखित आवेदन दे कर अपने लापता पति को खोजने की गुहार लगाई है। वहीं मजदूर संघ की सुनीता कुमारी ने कहा कि हम पुरी कोशिश करेंगे कि मजदूर जल्द से जल्द मिल जाय।अब तक एक माह के अंदर मजदूर संघ सीएफ टी यु आई टीम ने सात से आठ मजदुरों को भिन्न भिन्न राज्यों से खोज लाने में सफलता हासिल की है और आगे भी गुमला जिला सहित पूरे झारखंड प्रदेश के मजदूरों का हर संभव सहयोग किया जाएगा।

# मॉनफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** मॉनफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोनबीर नवाटोली में गुरुवार को कक्षा एक से कक्षा दस तक के छात्र-छात्राओं के बीच वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजित किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ बसिया सुप्रिया भगत का स्वागत स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा पारंपरिक नृत्य एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि सुप्रिया भगत, प्रिंसिपल विनय मीनाटुर एवं ब्रदर सुशील टोप्पो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यार्थियों के द्वारा अलग-अलग राज्य की पारंपरिक नृत्य पेश किया गया। जिसे खूब सराहा गया। मौके पर बीडीओ सुप्रिया भगत ने कहा कि



विद्यार्थियों को हमेशा ऐसे काम करना चाहिए जिससे अपने स्कूल, मां-बाप और अपने देश का नाम रोशन हो साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की भी शुभकामनाएं दी। प्रिंसिपल विनय मीनातुर ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला एवं सभी का आभार जाता है। समारोह के अंत में मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि बीडीओ सुप्रिया भगत, स्कूल प्रिंसिपल और ब्रदर सुशील टोप्पो के द्वारा प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक अभिभावक एवं स्कूल के छात्र छात्राएं आदि उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में महिला घायल, इलाज के दौरान मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के सिसई रोड स्थित डुमर टोली मोड के समीप कार की टक्कर से डुमर टोली निवासी अंजोर टेटे की पत्नी 41 वर्षीय पुनम डुंगडुंग की इलाज के क्रम में मौत हो गई। उसका इलाज सदर अस्पताल मे चल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला सिसई स्थित मानवेल इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। गुरुवार को विद्यालय से अपने घर बस से आ रही थी और डुमर टोली मोड में बस से उतरकर सड़क पार कर रही थी तभी गुमला से रांची की ओर जा रही एक कार जोरदार टक्कर मारते हुए घटना स्थल से फरार हो गया। घटना में महिला के सर चेहरा व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी। तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में कुछ ही देर में उसकी मौत हो गयी।

# गंदे पानी के रिसाव का प्वाइंट चिह्नित

चार से पांच दिनों के अंदर समस्या समाधान की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्थनीय लोगों के हो हंगामे के बाद पेयजल आपूर्ति से संबन्धित दोनो विभाग सक्रीय नजर आ रहे हैं। नगर परिषद और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग दोनों ने आज गंदे पानी की सप्लाई को लेकर खासी मेहनत की है।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग गुमला की तकनीकी टीम के साथ नगर परिषद की टीम संयुक्त रूप से नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड में हो रहे हैं गंदे पानी सप्लाई के प्वाइंट की खोजबीन की। इस सन्दर्भ में पानी सप्लाई शुरू करने के बाद संबंधित स्थल का निरीक्षण किया। प्रथम फेज में निरीक्षण के पश्चात आपूर्तित हो रहे दूषित जल का प्वाइंट चिन्हित



कर लिया गया है।

प्रथम फेज में उक्त कार्य की मरम्मती हेतु कुछ कलपुर्जों की आवश्यकता है। जिसकी आपूर्ति हेतु सम्बन्धित प्रतिष्ठान को आदेश दे दिया है। आगामी चार पांच दिनों में इसका निदान कर लिया जायेगा। निदानोंपरांत फिर से समस्या आती है तो अगली फेज में पुनः इसपर कारवाई करते हुए दूसरे प्वाइंट की खोजबीन की जायेगी।

# हिंडाल्को सीएसआर ने जोभीपाठ आवासीय विद्यालय में बच्चों के बीच किया कंबल वितरण



**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कुजांम बॉक्साइट माइंस द्वारा वा सीएसआर के सहयोग से विशनपुर प्रखंड के नरमा पंचायत स्थित कल्याण विभाग, गुमला, द्वारा संचालित अनुसूचित जनजाति बालक उच्च विद्यालय, जोभीपाठ में अध्ययन कर रहे 240 बच्चों के बीच हिंडाल्को खान प्रभाग के नेतरहाट क्लस्टर हेड श्री प्रदीप भालेकर द्वारा निशुल्क कंबल वितरण किया गया। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मन लगा कर पढ़ाई कर अपने पैरों में खड़ा होकर। अपने समाज और गांव का नाम रौशन करे यह पठारी क्षेत्र है यहां अत्यधिक ठंड पड़ती है। ठंड के कारण पढ़ाई में परेशानी ना हो इसलिए हम लोगों द्वारा बच्चों को कमल दिया जा रहा है। कार्यक्रम में हिंडाल्को सीएसआर अधिकारी मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि हिंडाल्को द्वारा जोभीपाठ आवासीय विद्यालय हॉस्टल का मरम्मती कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। बहुत जल्द सोलर द्वारा संचालित कंप्यूटर लैब का हस्तांतरण का कार्य पूरा कर लिया जायेगा, कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र एवं कुजाम माइंस के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया

**बसिया (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात नियमों के उलंघन करने वाले चालकों को बसिया थाना गेट के सामने गुलाब फूल एवम माला पहना कर उन्हें जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी विजय सिंह बिरुवा के निर्दशानुसार एवम सड़क सुरक्षा के टीम द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर बसिया थाना के समीप थाना प्रभारी शिव शंकर मरांडी के नेतृत्व में जिला सड़क सुरक्षा टीम एवं बसिया थाना के द्वारा यातायात के नियम का उलंघन करने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए गांधीगीरी के तर्ज पर दुपहिया वाहन चालकों मे बगैर हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट नही लगाने वाले लोगों को फुल की माला पहना कर उन्हें यातायात नियमों के पालन करने का आग्रह किया गया। वैसे वाहन चालक जो हेलमेट पहने हुए थे और सीट बेल्ट लगाकर चार पहिया वाहन चला रहे थे उन्हें गुलाब का फुल देकर जागरुक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक कुमार प्रभाष, सूचना प्रौद्योगिकी सहायक मंटू रवानी, आईपीआरडी के रामानंद महाराज शामिल थे।

# प्रभारी प्रधानाध्यापिका सरोज निलेश की सेवानिवृत्ति पर कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राजेन्द्र अभ्यास मध्य विद्यालय,गुमला की प्रभारी प्रधानाध्यापक सरोज निलेश की सेवानिवृत्ति पर एक समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी। इस विदाई समारोह में सभी ने भारी मन से उन्हे विदा किया। इस मार्मिक अवसर पर भावविह्वल विद्यार्थियों ने स्वागत गीत,विदाई गीत तथा अन्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर श्रीमती निलेश के परिजनों के साथ उपस्थित अतिथियों में पूर्व में सेवानिवृत्त शिक्षक विजय बहादुर सिंह, सेवानिवृत्त पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक प्राण गोविंद, सेवानिवृत्त शिक्षिकाओं में श्रीमती किरण कुमारी, आशा कुमारी, मंजू कुमारी एवं सेवानिवृत्त पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक माया सिन्हा ने



भावविभोर हो कर निवर्तमान प्रभारी सरोज निलेश को समयनिष्ठा, कर्त्तव्यपरायणता, सहिष्णुता एवं वात्सल्य की प्रतिमूर्ति बतलाया एवं सभी विद्यार्थियों ने उनके ममतामयी व्यक्तित्व की भूरी-भूरी प्रशंसा की। विद्यालय परिवार ने उपहार तथा दोशाला समर्पित कर उन्हें सम्मानित किया। मध्याह्न भोजन के उपरांत भावविह्वल श्रीमती निलेश ने समस्त विद्यार्थियों के अल्पाहार तथा भोजन की व्यवस्था भी की। वर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीमती नील कुसुम टोप्पो ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए निलेश को महान चरित्र की स्वामिनी बतलाया तथा उनके स्वस्थ, शांत, सुदीर्घ तथा सुखद जीवन की कामना की।

# मजदूर नहीं मिला तो दलाल के विरुद्ध करायेंगे प्राथमिकी: जुम्मन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** राज्य से मजदूरों का पलायन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसी चक्कर में कई मजदूर ट्रेन हादसेका शिकार हो रहे हैं, तो कई गायब हो जा रहे हैं। अभी गुमला जिले में लगातार गायब हो रहे मजदूर पुलिस प्रशासन से लेकर कई सामाजिक संगठनों के लिए भी सर दर्द बन रहा है। गुमला जिला के घाघरा प्रखंड अंतर्गत कोतरी गांव का मजदुर बिपीन उरांव पिता जतरु उरांव उम्र लगभग 22, साल एक महीने पहले बिहार के ससाराम से 22 जनवरी 2024 से लापता है। उसका फोन भी नहीं लग रहा है। परिजनों द्वारा अपने स्तर से काफी खोजबीन की जा रही है। लेकिन अभी तक मजदूर की कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। जिसके बाद पुरे मामले को




लेकर परिजन गुमला पहुंच कर लापता पुत्र को खोजने के लिए लिखित आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार मजदूर युवक बिपीन उरांव एक माह पूर्व सरदार ( दलाल) मिलु उरांव के कहने पर बिहार के डेहरी सासाराम ईट भट्ठा में मजदुरी करने गया था। जहां से वह अचानक गायब हो गया और ना फोन पर बात चीत हो रहा है।पुरे मामले पर लिखित आवेदन दे कर परिजनों ने खोजबीन करने मजदूर संघ सीएफटीयूआई के प्रदेश सचिव जुमन खान वा महिला विंग की सुनीता कुमारी से गुहार लगाया है। इस मामले पर सरदार मिलु उरांव को भी तत्काल मजदूर संघ कार्यालय बुलवाया गया और खोज बीन कराने को कहा गया है। अगर खोजने में सरदार मिलु उरांव कोई तरह का लापरवाही करता है तो फिर मजदूर संघ सीएफ टी यु आई सरदार मिलु उरांव के खिलाफ श्रम कानून के अनुसार परथामिकी दर्ज करायेगा। ताकि भविष्य में कोई मजदूर वर्ग के साथ खिलवाड़ ना हो। बिना किसी कागजात के गुमला जिला के देहात एरिया से बहका फुसला कर सरदार बाहर प्रदेशों में यहां के मजदूरों पर शोषण कराते हैं जिसे मजदूर संघ सीएफ टी यु आई किसी हाल में सहन नहीं करेगा।

# एएसआइ रघुनंदन राय हुए सेवानिवृत्त



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना में पदस्थापित एएसआइ रघुनन्दन राय 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गये। रघुनन्दन राय मूलतः देवघर के निवासी हैं, वे आरक्षी के पद पर 12 अक्टूबर 1999 को लोहरदगा जिला में अपना योगदान दिए थे। उनके सेवानिवृत्त होने पर थाना प्रभारी मीनकेतन कुमार, एसआई कृष्णा गुप्ता, एसआई दिवाकर मिश्रा, एसआई शारीक अली, एएसआइ संत कुमार मेहता, अनवर अंसारी, मधुसुदन झा,एएसआई संजय ठाकुर, मंटू कुमार, सहित चौकीदार किशोर कुमार महली, बिरसा उरांव, सीता उरांव, गन्दूर उरांव, सहित सभी पुलिस कर्मियों ने गुलदस्ता व शोल देकर उनके स्वस्थ्य जीवन की शुभकामनाएं दी।

# पीएम विश्वकर्मा पर आधारित सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय के एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची द्वारा गुमला जिले में पीएम विश्ववासी योजना पर आधारित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के विभिन्न क्षेत्रों के कारीगरों के आर्थिक उन्नति के लिए लाभार्थियों को योजना से मिलने वाले लाभ, पात्रता एवं आवेदन की प्रकिया इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है। जिसके तहत आज बख्तर साई मुंडल सिंह स्मृति भवन, गुमला में मुख्य अतिथि डीसी कर्ण सत्यार्थी,



गुमला एवं उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की संयोजक नीतू, सहायक निदेशक द्वारा उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कर्ण सत्यार्थी ने कार्यक्रम के उद्घाटन में अपने अभिभाषण में कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, विश्वकर्मा जयंती दिनांक 17 सितम्बर, 2023 को प्रधानमंत्री जी के द्वारा डिजिटली लांच की गयी थी। भारत सरकार के द्वारा इस योजना को प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी कराना है जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने सभा में उपस्थित 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों से इस योजना का लाभ लेने हेतु ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंजीकरण कराने का आह्वान किया।

मौके पर एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची से आये इंद्रजीत यादव, संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख, आइइडीएस ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूप-रेखा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना में 18 पारंपरिक विद्याओं में कार्य करने वाले कारीगर और शिल्पकार सम्मिलित हैं कारपेंटर, नाव बनाने वाले, अस्त्र बनाने वाले, लोहार, ताला बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, डलिया, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, गुड़िया और खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, मछली का जाल बनाने वाले आदि को इस योजना का लाभ मिल सकता है। साथ ही कारीगरों की कुशलता के आधार पर उन्हें कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा एवं उन्हे प्रशिक्षण के पश्चात बेहद ही कम इंट्रेस्ट में ऋण भी सरकार के द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।

# लापता युवक का शव कुआं से बरामद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के मांझा टोली निवासी युवक 35 वर्षीय मनोज मिंज पिता लोंजेनुस मिंज का शव पोगरा गांव के एक कुंआ से रायडीह थाना पुलिस ने बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार युवक मनोज मिंज पिछले 25 जनवरी 2024 को सुबह में घर से निकला था।उसके बाद रात को घर नहीं लौटा था। तब जाकर मृतक की मां सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका मंजुला खलखो ने रायडीह थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। उसके बाद बुधवार 31 जनवरी को पुलिस ने रायडीह प्रखंड के परसा पंचायत के पोगरा गांव के एक कुंआ से शव को बरामद किया है।

# कार की टक्कर से पांच घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के पालकोट रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के समीप कार की टक्कर से पैदल चल रहे पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गयी। स्थानीय लोगों की मदद से टेंपो में दो घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं तीन अन्य घायलों को हल्की चोट लगी। जिनमें एक मासूम बच्चा भी शामिल है। नजदीक के दवा दुकान में उपचार किया गया। जानकारी के मुताबिक पालकोट रोड स्थित आस्था कॉम्प्लेक्स में काम करने वाले जशपुर नगर छत्तीसगढ़ निवासी 20 वर्षीय अनुराग भगत और 23 वर्षीय श्रद्धा एकका सब्जी लाने बाजार की ओर जा रहे थे तभी पीछे से मारुति कार ने दोनों को टक्कर मार दी। इसके बाद अनुराग के सीने के ऊपर कार का चक्का चढ़ते हुए आगे निकल गया। वहीं आगे चल रहे दंपति सहित एक मासूम बच्चा को टक्कर मारा लेकिन सामने खड़ी एक स्कॉर्पियो वाहन से टकराने से उन्हें हल्की चोट लगी जबकि श्रद्धा एक्का कार के अंदर फंस गयी। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया सभी घायल सड़क के बिल्कुल किनारे चल रहे थे तभी तेज गति से मारुति कार ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद चालक घटनास्थल से गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। वही घटनास्थल पर पुलिस पहुंची और कार को अपने कब्जे में ले लिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## बस्ताकोला में 16 कर्मियों को दी गई विदाई




**धनसार (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला गेस्ट हाउस में गुरुवार को समारोह आयोजित कर एरिया 9 के विभिन्न कोलियरी क्षेत्रों से सेवानिवृत हुए 16 कर्मियों को विदाई दी गई। इस दौरान बस्ताकोला के महाप्रबंधक जेसी राय, एपीएम नागेंद्र यादव, प्रबंधक देवाशीष बाग और जनता मजदूर संघ (जमसं) के क्षेत्रीय सचिव रंजीत सिंह उपस्थित थे। अधिकारियों ने सेवानिवृत्ति 16 कर्मियों की प्रशंसा की। वहीं, बस्ताकोला महाप्रबंधक जेसी राय ने सेवानिवृत सभी कर्मियों को माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही सूटकेस, घड़ी एवं छाता उपहार स्वरूप भेंट किया। महाप्रबंधक ने सेवानिवृत सभी कर्मियों द्वारा किए गए बेहतर कार्यों कि प्रशंसा की। कहा कि कंपनी में हमेशा आपकी कमी खलेगी, आपके किए गए कार्यों को हमेशा कंपनी याद रखेगी। महाप्रबंधक ने सभी सेवानिवृत कर्मियों की सुख समृद्धि व बेहतर स्वास्थ्य की कामना की।

## शिव चर्चा में शामिल हुई रागिनी सिंह



**झरिया (आजाद सिपाही)।** चौथाई कुल्ही (मोटिया पट्टी) जनता शिव मंदिर प्रांगण में महिला सेवा समिति की ओर से आयोजित शिव चर्चा में गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी शामिल हुईं। जहां महिला समिति सदस्यों ने उन्हे अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं, रागिनी सिंह ने मत्था टेक कर भगवान शिव से परिवार एवं समस्त कोयलांचल वासियों के सुख शांति और समृद्धि की कामना की। लोगों के बीच कथा एवं भजन का अनुसरण किया। इस दौरान कथा को सफल बनाने में गवालती देवी, परमीला देवी, गीता देवी, अंजू देवी, लक्ष्मी देवी, सकुंतला देवी की अहम भूमिका रह।

## असम एसआरएलएम की टीम ने किया धनबाद का दौरा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित जेएसएलपीएस की कार्यशैली अब बाहर के राज्यों को भी प्रभावित कर रही है। असम एसआरएलएम की 20 सदस्यी टीम ने धनबाद के तोपचांची प्रखंड में खरियो और ब्राहमणडीहा आजीविका महिला संकुल संगठन ने दो दिवसीय (बुधवार-गुरुवार) दौरा किया। यह दौरा वित्तीय समावेषण में हो रहे वित्तीय साक्षरता, सामाजिक सुरक्षा, बीमा दावा समझौता और बैंकिंग कोरेसपोंडेंट बिंदु को समझने के लिए किया गया है। टीम के सदस्यों का कहना है कि जिले में वित्तीय समावेषण का साकारात्मक प्रभाव एवं संस्था से जुड़े सदस्यों की आर्थिक स्थिति में सुधार सराहनीय है। संकुल संगठन के सदस्यों ने टीम को क्रेडिट लिंकेज, और सीआईएफ, बीमा लाभ के बारे में बताया। सदस्य वित्तीय समावेषण के माध्यम से आर्थिक लाभ लेकर उन्नत खेती, उत्पादन, पशुपालन, पॉल्ट्री, लघु उद्योग, ब्यूटीशियन आदि आजीविका गतिविधियों से जुड़े हैं एवं प्रत्येक माह अच्छी कमाई कर रहे हैं। बैंकिंग कोरेसपोंडेंट बिंदुओं के माध्यम से समुदाय आधारित संगठनों को बैंकिंग सुविधाएँ प्रदान करवाई जाती हैं। बाघमारा प्रखंडा अंतर्गत हरिना आजीविका महिला संकुल संगठन द्वारा संचालित बैंकिंग कोरेसपोंडेंट बिंदु (बैंक ऑफ इंडिया-डुमरा मोड़) का भ्रमण भी किया। संचालक दीदी ने टीम को बताया कि इस केंद्र से वह प्रत्येक माह 25-30 हजार रुपये का कमीशन प्राप्त करती हैं। इस दौरान टीम को जिला कार्यक्रम प्रबंधक शैलेश रंजन, मूल्यांकन एवं अनुश्रवन राजीव कुमार पांडेय और वित्तीय समावेषण मोबाशीर कमाल ने सहयोग किया। मौके पर प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक कुणाल कुमार दास के साथ राजकुमार कपरदार उपस्थित थे।

### विधि व्यवस्था को लेकर डीसी व एसएसपी ने विभिन्न चौक-चौराहों-क्षेत्रों का लिया जायजा

# हर तरह की परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और उनकी गिरफ्तारी के बाद से ही झारखंड में मचे उथल-पुथल के बीच प्रशासनिक अधिकारी सतर्क हैं। हर तरह की परिस्थिति से निपटने के लिए अधिकारी लगातार गश्त लगा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को डीसी सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हृदीप पी जनार्दनन ने विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए धनबाद जिले के विभिन्न चौक-चौराहा समेत कई क्षेत्रों का जायजा लिया। डीसी व एसएसपी ने मटकुरिया, श्रमिक चौक, बैंक मोड़, सिटी सेंटर, गोधर, केंदुआडीह, करकेंद, लोयाबाद, सिजुआ, कतरास, अंगारपथरा, पंचगढ़ी, भटमुरना, बाघमारा, श्यामडीह, बेहरा, कुदर, झगराही, दरिदा, बरोरा, मुराईडीह, नेहरू चौक, गोमो रोड, पुरानाबाजार गोमो, गोमो स्टेशन, तोपचांची, कल्याणपुर, गोल बिल्डिंग आदि चौक-चौराहों का जायजा लिया। उन्होंने विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सभी दंडाधिकारी, अंकाधिकारी, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस किसी भी परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार है। जिला में शांति एवं विधि व्यवस्था कायम रहे, इसे सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग क्षेत्रों का भ्रमण कर जायजा लिया जा रहा है। इस दौरान एडीएम (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।



क्षेत्र में भ्रमण कर विधि व्यवस्था का जायजा लेते डीसी व एसएसपी।

# बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अलेंकर से मिले अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष बेरमो निवासी अनिल अग्रवाल ने बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अलेंकर से मुलाकात कर समाज के विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने अपनी संस्था द्वारा जन कल्याण में किए जा रहे कार्यों से भी राज्यपाल को अवगत कराया। मुलाकात के दौरान सर्वप्रथम अंगवस्त्र व तस्वीर देकर महामहिम राज्यपाल का अभिनंदन किए, तथा आगामी कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी उन्होंने सरहना की। इस मौके पर अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के बिहार प्रदेश प्रभारी गौरव अग्रवाल भी उपस्थित थे।



## कुंजी झारखंड इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद संपन्न



**महुदा (आजाद सिपाही)।** कुंजी स्थित झारखंड इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उच्च विद्यालय के अध्यक्ष चितरंजन दूबे, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यपक साजू महतो, शिक्षक मुकेश महतो, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी के प्रभारी प्रधानाध्यापिका रागिणी कुमारी, अमित कुमार महतो, झारखंड इंटर कॉलेज के सभी व्याख्याता, मुकुंद कुमार महतो, राजेंद्र महतो, गुडिया कुमारी, नंद किशोर महतो, अरुण महतो, विजय कुमार सिंह, प्रकाश महतो आदि मौजूद थे।

## राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर समीक्षा बैठक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के चार फरवरी को होने वाले न्याय यात्रा को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी एवं अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक की अध्यक्षता में सुरक्षा और कार्यक्रम को लेकर समीक्षात्मक बैठक की गई। जिसमें न्याय यात्रा के रूट, बैरिकेडिंग, वॉलिंटियर्स की पहचान पत्र के साथ प्रतिनियुक्ति, रात्रि विश्राम स्थल में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की तैनाती की समीक्षा की गई। साथ ही राहुल गांधी की न्याय यात्रा के रूट पर ड्रोन के लिए नो फ्लाइंग जोन घोषित करने का निर्णय लिया गया। पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा, पुलिस उपाधीक्षक यातायात राजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन, अग्निशमन पदाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, प्रवक्ता शमशेर आलम, ब्रिजेंद्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, जहीर अंसारी, आसिफ राजा साहब आदि थे।

## तेतुलमुड़ी विस्थापित मोर्चा ने पुटकी सीओ को ज्ञापन सौंपा



**कतरास (आजाद सिपाही)।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला प्रभारी सुरेश महतो के नेतृत्व में गुरुवार को तेतुलमुड़ी विस्थापित संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने पुटकी सीओ विकास आनंद से मिलकर तेतुलमुड़ी और गड़ेरिया मौजा के जमीन से संबंधित समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। सुरेश महतो ने कहा कि पुस्तैनी जमीन की रसीद नहीं कटने एवं वंशावली नहीं बनने की समस्याओं से तेतुलमुड़ी और गड़ेरिया मौजा के ग्रामीण काफी परेशान हैं। उनकी जमीन से जुड़ी समस्या नहीं सुलझने के कारण वे जमीन को सुरक्षित रख पाने में नाकाम हो रहे है। जिस पर भू-माफियाओं की गिद्ध दृष्टि टिकी हुई है। इसलिए अतिशिघ्र इस समस्या पर ध्यान देते हुए दूर करने की कोशिश करें। अन्यथा ग्रामीणों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा। इस पर पुटकी सीओ ने आश्वस्त किया कि जांच के बाद इस पर कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय, नगर निगम हजारीबाग।**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Jharkhand Local Bodies Advertisement Regulation, 2017 में निहित प्रावधानों के अनुसार नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बैनर, फ्लैक्स, कियोस्क, विभिन्न भवनों के छतों, दिवारों या विभिन्न स्थानों पर अधिश्ठापित होने वाले विज्ञापन/ Wall Painting करने के पूर्व निगम कार्यालय द्वारा अनुमति लेना अनिवार्य है। हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा समय–समय पर आम सूचना के माध्यमों से विज्ञापन करने से पूर्व कार्यालय द्वारा अनुमति लेने हेतु सूचित किया गया है परन्तु ऐसा देखा जा रहा है कि बिना निगम कार्यालय की अनुमति के विज्ञापन लगाकर प्रचार–प्रसार किया जा रहा है जो कि झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 का उल्लंघन है।

अतः आप सभी को सूचित किया जाता है कि निगम क्षेत्रान्तर्गत विज्ञापन करने से पूर्व कार्यालय द्वारा अनुमति प्राप्त कर विज्ञापन शुल्क की राशि का भुगतान करने के पश्चात् ही विज्ञापन लगाना सुनिश्चित करेंगें। यदि निरिक्षण के क्रम में यह पाया जाता है कि बिना निगम कार्यालय की अनुमति के किसी भी व्यक्ति/ऐजेन्सी द्वारा विज्ञापन किया जाता है तो झारखण्ड नगरपालिक अधिनियम, 2011 की धारा 600 के अंतर्गत जुर्माने के साथ कार्यवाई प्रारंभ की जाएगी जिसके लिए आप सभी स्वयं जिम्मेवार होगें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम हजारीबाग।

PR 317585 (Urban Development and Housing) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 06/2023-24/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-30.01.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA/09/2023-24 | प्रखण्ड डोमचांच अन्तर्गत कुंडीधनवार में बहादुर दास के घर से मसमोहना पुल भाया दुलकी नदी तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.200 कि0मी0) | 1,61,69,500/- | एक करोड़ एकसठ लाख उनहतर हजार पांच सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |
| | RWD/KODERMA/10/2023-24 | प्रखण्ड जयनगर अन्तर्गत पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड नईटांड़ से नईटांड़ भाया आर0सी0डी0 रोड तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–1.700 कि0मी0) | 1,50,52,500/- | एक करोड़ पचास लाख बावन हजार पांच सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | प्रथम |

1.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–06.02.2024
2.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–19.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3.निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–21.02.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा, झारखण्ड, पिन– 825410
5.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– **8709561933/06534-297102**
6.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

PR 317607 (Rural Work Department)23-24*D

**नसीहत : संस्कारी होकर संवैधानिक रूप से करनी चाहिए बयानबाजी**

# भाजपा नेताओं के विरुद्ध अभद्र भाषा का इस्तेमाल बंद करें जयराम महतो

## झामुमो पर चुप्पी, भाजपा-आजसू नेताओं पर ही आक्रमण क्यों : नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंडी भाषा संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो द्वारा रामडीह मोड़ में सभा के दौरान नेता प्रतिपक्ष सह स्थानीय विधायक अमर कुमार बाउरी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी व असंवैधानिक भाषण देने की भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण साव ने कड़ी निंदा की है। गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि कोई छोटी-छोटी बातें कह कर बड़ा नेता नहीं हो सकता है। उनको संस्कारी होकर संवैधानिक रूप से बातें रखनी चाहिए। लगातार भाजपा नेताओं के विरुद्ध उलू-जुलूल ब्यान जयराम द्वारा दिया जा रहा है। वे झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के बारे में क्यों कुछ नहीं बोलते। केवल भाजपा और अजासू के लोगों को निशाना बनाते हैं जिससे आहत होकर संवाददाता सम्मेलन किया। उन्होंने चंदनकियारी के विधायक सह नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी को विकास पुरुष कहा एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को एक-एक कर गिनवाया। कहा कि नेता प्रतिपक्ष एक शिक्षित, संस्कारी एवं कुशल नेतृत्व क्षमता के परिपक्व नेता हैं। उनके कामों एवं व्यवहार से चंदनकियारी के लोग काफी खुश हैं। इनसे जयराम महतो को सिख लेनी चाहिए और भाषण में किसी नेता के विरोध में अभद्र एवं असंवैधानिक बाते न रखें। ये भाजपा कार्यकर्ताओं का सुझाव है। इस मौके पर भाजपा कुरा मंडल अध्यक्ष पंचानन महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र महतो, मीडिया प्रभारी विश्वनाथ दत्ता, साजू महतो, प्रेम कुमार, जीतू बाउरी, रामपद बाउरी मौजूद थे।



पत्रकारों से बातें करते भाजपा नेता नारायण साव व अन्य।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़**
रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला– रामगढ़, झारखण्ड– 829122, ई-मेल– **eercdramgarh-jhr@nic.in**

**एस०बी०डी० आधारित अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा प्रसंग संख्या :– **RCD/RAMGARH/ 75 / 2023-24(2nd Call)**

दिनांक :– **31-01-2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | **IRQP Work of Patratu to Saunda 'D' Road from KM 0.00 to 11.35 Under Road Divison, Ramgarh for the of Year 202 3-24** |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रुपये 6,17,06,862.00 (छः करोड़ सतरह लाख छः हजार आठ सौ बासठ) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03(तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 05/02/2024 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 12/02/2024 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़ |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नंबर | 98351–25637 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नंबर | 0651–2401010 |

➢ निविदा की अन्य शर्ते वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
➢ पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित निविदाकारों को **UCAN** से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
➢ निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।
➢ **Cost of bidding document (Non-refundable fee) & Bid Security as indicated shall be payable online through** http://jharkhandtenders.gov.in.

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि० पथ प्रमण्डल रामगढ़

PR 317579 (Road)23-24*D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 08/2023-24/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-31.01.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA/12/STPKG/02/2023-24 | (i) हीरोडीह फाटक से लाराबाद भाया कन्द्रपडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.900 कि0मी0)<br>(ii) T01 से बेहराडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.350 कि0मी0)<br>(iii) कट्टाडीह आर0सी0डी0 रोड से महुआटांड़ भाया गोदखर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0)<br>(iv) एन0एच0–31 जामूखांडी से ढाब हाई स्कूल भाया कोटवारडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.700 कि0मी0)<br>(v) भोण्डो पी0डब्लयू0डी0 रोड से घुट्टीटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.200 कि0मी0)<br>(vi) कांटी से मूर्तिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0)<br>(vii) चन्दवारा कुलदीप स्वर्णकार से घर से गौरी नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.700 कि0मी0)<br>(viii) थाम पी0डब्लयू0डी0 रोड से थाम मंदिर भाया पुरनाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0) | 13,31,28,900 /- | तेरह करोड़ एकतीस लाख अठाईस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 09 (नौ) माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–**12.02.2024**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–**27.02.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–**29.02.2024** अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,कोडरमा

PR 317626 Rural Work Department(23-24).D

## वेदांता एल्युमीनियम को दुनिया के सबसे टिकाऊ एल्युमीनियम उत्पादक के रूप में मान्यता मिली

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने मूल्यांकन अवधि 2023 के लिए एल्युमीनियम उद्योग के लिए प्रतिष्ठित एसएंडपीकॉर्पोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट रैंकिंग में शीर्ष रैंक हासिल करने की घोषणा की है। यह निश्चित बेंचमार्क दुनिया के सबसे टिकाऊ के रूप में वेदांता एल्युमीनियम की स्थिति को दोहराता है। एल्युमीनियम उत्पादक, पर्यावरण, सामाजिक और शासन प्रथाओं पर अपने वैश्विक साथियों से बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट कंपनियों की स्थिरता प्रथाओं का वार्षिक मूल्यांकन है। इसमें दुनिया भर की 10,000 से अधिक कंपनियां शामिल हैं। सीएसए स्थिरता मानदंडों पर ध्यान केंद्रित करता है जो उद्योग-विशिष्ट और वित्तीय रूप से महत्वपूर्ण दोनों हैं, और इसे अग्रणी कंपनियों द्वारा प्रमुख बाहरी स्थिरता मूल्यांकन माना जाता है। इससे पहले, वेदांत एल्युमीनियम ने 2022 के आकलन के अनुसार वैश्विक स्तर पर एल्युमीनियम उद्योगों में दूसरा स्थान हासिल किया था। पिछले वर्ष के दौरान, कंपनी ने पर्यावरण, सामाजिक और शासन प्रदर्शन जैसे सभी मूल्यांकन क्षेत्रों में पर्याप्त वृद्धि हासिल की थी। इसके परिणामस्वरूप उसके समग्र सीएसए मूल्यांकन स्कोर में वृद्धि हुई है, जिससे कंपनी 2023 में शीर्ष रैंक हासिल करने में सक्षम हुई है।

## अंतरिम बजट में गरीब, महिलाएं, युवा और किसान पर फोकस : लक्ष्मण सिंह



**धनवार (आजाद सिपाही)।** पूर्व आइजी सह भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अंतरिम बजट में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बार गरीब, महिलाएं, युवा और किसान पर फोकस किया गया है। इस बार केंद्र सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। गरीब कल्याण योजना में 34 लाख करोड़ खातों में भेजे गये। करीब 1 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनीं हैं और 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। स्किल इंडिया मिशन के तहत 1.4 करोड़ युवाओं को ट्रेंड और 54 लाख लोगों को दोबारा से सिखाया गया है। इसके अलावा पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है। अंतरिम बजट लोक कल्याणकारी व जन अपेक्षाओं के अनुरूप है। यह बजट देश को समृद्ध बनाने, अर्थव्यवस्था को गतिशील रखने व देश को विकसित बनाने की ओर अग्रसर करने वाला है।

# वेदांता एल्युमीनियम के वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के जामखानी में अपने संचालन में वार्षिक सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के साथ हर कदम पर सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के दिशा निर्देशों के अनुसार 400 से अधिक कर्मचारियों और व्यापार भागीदारों की सक्रिय भागीदारी देखी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण समारोह के साथ हुई, उसके बाद प्रभात फेरी निकाली गयी। इसके बाद, एक पखवाड़े तक मॉक ड्रिल, सुरक्षा वार्ता, सुरक्षा प्रश्नोत्तरी और अन्य जागरूकता कार्यक्रमों सहित सुरक्षा-केंद्रित गतिविधियों की एक श्रृंखला आयोजित की ग्यीं।

वेदांता एल्युमीनियम की सुरक्षा-प्रथम संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए वेदांता एल्युमीनियम के सीइओ (खान) वी श्रीकांत ने कहा, वेदांता में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और हमारी परिचालन उत्कृष्टता का एक गैर-परक्राम्य स्तंभ है। इस अवसर पर बोलते हुए महानदी कोल लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक सुरक्षा और आइएसओ पर्यवेक्षक तापस कुमार मोहंती ने कहा किमैं पखवाड़ा खान सुरक्षा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए वेदांत एल्युमीनियम की खान टीम को बधाई देना चाहता हूं।

# जिंदल स्टेनलेस भुवनेश्वर से शुरू हुई एयर कार्गो के संचालन में हिस्सा लेनेवाली पहली कंपनी बनी




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निमार्ता जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड भुवनेश्वर में बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुरू हुई नयी वायु मालवाहक (एयर कार्गो) सेवा के संचालन में हिस्सा लेने वाली पहली कंपनी बानी। कंपनी ने उद्घाटन के समय 28 किलोग्राम हॉट रोल्ड स्टेनलेस स्टील प्लेट सैंपल की एक खेप स्वीडन भेजी। उद्घाटन समारोह में एमएसएमइ विभाग के मंत्री प्रताप केसरी देव, एमएसएमइ विभाग के प्रमुख सचिव शाश्वत मिश्रा; वाणिज्य एवं परिवहन विभाग की प्रमुख सचिव ऊषा पाधी और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने उत्साह जताते हुए कहा कि यह कदम ओडिशा की निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। यह क्षेत्र के आर्थिक विकास और विकास के व्यापक संदर्भ में इसके महत्व को रेखांकित करता है। जाजपुर में जिंदल स्टेनलेस की विनिर्माण इकाई के प्रमुख दीपक अग्रवाल ने कहा कि यह पहल इस क्षेत्र को वैश्विक बाजार के करीब ले आया है। हवाई अड्डे का लक्ष्य हर साल लगभग 1,000 टन अंतरराष्ट्रीय कार्गो का प्रबंधन करना है। आधुनिक उपकरणों के एकीकरण के जरिए कार्गो संचालन से खेपों को सीधे विभिन्न देशों में भेजा जा सकेगा।








































































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**